www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–172 । सागर, बुधवार, 9 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

खुलेआम अवैध शराब का विक्रय, सड़क दुर्घटनाओं का बन रहा हैं कारण — पृष्ठ 2

- 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' की याद में
- बहुसंख्यकवादी राजनैतिक एजेंडा और भारतीय मुसलमान — पृष्ठ 4

- तालाब के बंधान की खुदाई कर रहे लोगों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल — 6

आदर्श क्षेत्र की परिकल्पना से करा रहे समग्र विकासः भूपेन्द्र सिंह — 8

## सार-समाचार

### नेताजी के भतीजे अर्धेन्दु बोस का निधन

**मुंबई, एजेंसी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के भतीजे अर्धेंदु बोस का दिल का दौरा पड़ने से मुंबई में निधन हो गया। उनकी पत्नी केर्मिन बोस ने उनके निधन की खबर मीडिया से साझा की। पेशे से एक मॉडल और एक्टर, अर्धेंदु बोस 1970 के दशक से बॉम्बे (मुंबई) में रहते थे, जहां उन्होंने अपना करियर शुरू किया और अलग-अलग बॉलीवुड फिल्मों जैसे कोबरा, मेरा यार मेरा दुश्मन, विषकन्या और बंगाली फिल्मों जैसे 'कालकुट' में अभिनय किया।

### ज्ञानवापी परिसर को सील करने की मांग करने वाली याचिका खारिज

**प्रयागराज, एजेंसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को वाराणसी अदालत के एएसआई सर्वेक्षण आदेश को प्रभावित किए बिना पूरे ज्ञानवापी परिसर को सील करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता के वकील ने कानून के अनुसार उचित मंच पर जाने और जनहित याचिका में दावा की गई राहत के लिए आवेदन दायर करने की प्रार्थना की तो अदालत ने याचिका को वापस लेने दिया और खारिज कर दिया।

### रुद्रप्रयाग में भूस्खलन के चलते तीन मंजिला होटल जमींदोज

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** उत्तराखंड में बारिश का कहर जारी है। पहाड़ों में ही नहीं मैदानों में भी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। देहरादून में सड़कें नदी का रूप ले चुकी है, वहीं पहाड़ों में भी बड़े-बड़े भवन ताश के पत्तों की तरह ढह रहे हैं। भूस्खलन की चपेट में आने से लोगों के मकान होटल लॉज भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। रुद्रप्रयाग के रामपुर में भूस्खलन के कारण 32 कमरों का एक तीन मंजिला होटल पालक झपकते ही जमींदोज हो गया। गनीमत रही कि कोई भी जनहानि नहीं हुई क्योंकि पहले ही होटल को खाली करवा दिया गया था।

### मंत्रालय में धमकी भरा फोन करने वाला गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मंत्रालय पर आतंकवादी हमले की धमकी देने वाले एक व्यक्ति को शहर पुलिस ने यहां गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक 61 साल के किशनचंद खेमानी नाम के आरोपी ने सोमवार रात मंत्रालय के कंट्रोल रूम में फोन कर धमकी दी कि मंत्रालय में दो दिन के अंदर आतंकी हमला होगा। इसके तुरंत बाद मुंबई पुलिस ने अधिकारियों के साथ मिलकर जांच की और फोन नंबर को ट्रैक किया। इस अपराध के सामने आने के कुछ घंटों बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### सारण में महिला की गोली मारकर हत्या

**छपरा, एजेंसी।** बिहार में सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। विशुनपुरा गांव निवासी स्व. भोला पांडेय की पत्नी शिवपति देवी सोमवार की रात अपने घर के मुख्य दरवाजे पर बैठी थी। इसी दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार होकर तीन लोग वहां पहुंचे। इसके बाद उन लोगों ने महिला को गोली मारकर घायल कर दिया। सूत्रों ने बताया घायल महिला को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सिद्धारमैया ने फर्जी पत्र मामला सीआईडी को सौंपा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** जिस फर्जी पत्र विवाद के कारण सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार और विपक्ष के बीच जुबानी जंग हुई थी, उसे मंगलवार को विशेष शाखा आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दिया गया है। फर्जी पत्र में कृषि मंत्री एन. चेलुवरयास्वामी पर निशाना साधा गया और आरोप लगाया गया कि वह विभाग के अधिकारियों से पैसे की मांग कर रहे हैं। दावा किया गया कि अधिकारियों ने राज्यपाल को पत्र लिखा है और बदले में राज्यपाल ने मुख्य सचिव को भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने के लिए कहा था। हालांकि, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने स्पष्ट किया कि इस संबंध में राज्यपाल द्वारा कोई शिकायत या पत्र नहीं लिखा गया है। इस संबंध में मीडिया और सोशल मीडिया पर प्रसारित पत्र फर्जी है, जो सरकार को बदनाम करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने परोक्ष रूप से कहा कि यह भाजपा नेताओं या पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी की करतूत हो सकती है। कुमारस्वामी ने सिद्धारमैया पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह असली पत्रों को नकली बनाने में माहिर हैं।

---

लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस शुरू

# विपक्ष ने मणिपुर पर सरकार को घेरा

### कांग्रेस नेता गोगोई ने चर्चा की शुरुआत की, बोले- प्रधानमंत्री का मौनव्रत तोड़ेंगे



प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना होगा कि उनकी डबल इंजन सरकार, मणिपुर में विफल हो गई। इसलिए मणिपुर में 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई हैः गौरव गोगोई, कांग्रेस नेता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को चर्चा शुरू हो गई । चर्चा की शुरुआत कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने की। कांग्रेस सांसद गोगोई ने अपने अविश्वास प्रस्ताव पर 35 मिनट भाषण दिया।

इस दौरान उन्होंने मणिपुर हिंसा से लेकर विदेश नीति तक के मुद्दे पर सरकार को घेरा। गोगोई ने कहा कि प्रस्ताव लाने का मकसद पीएम का मौन तोड़ना है। गोगोई ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना होगा कि उनकी डबल इंजन सरकार, मणिपुर में विफल हो गई। इसलिए मणिपुर में 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। राज्य के ष्टरू जिन्हें बातचीत का, शांति और सद्भाव का माहौल बनाना चाहिए था, उन्होंने पिछले 2-3 दिनों में भड़काऊ कदम उठाए हैं जिससे समाज में तनाव पैदा हो गया है। इससे पहले सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही 12 बजे तक स्थगित कर दी गई थी।

**गोगोई ने सरकार से पूछे तीन सवाल** -कांग्रेस नेता गौरव ने सरकार से तीन सवाल पूछे। उन्होंने पूछा प्रधानमंत्री मोदीजी मणिपुर क्यों नहीं गए। राहुल गए, इंडिया अलायंस के सांसद गए, गृहमंत्री गए। गोगोई ने कहा कि मणिपुर पर बोलने में प्रधानमंत्री को अस्सी दिन क्यों लगे । बोले तो सिर्फ 30 सेकेंड बोले। आज तक संवेदना का कोई शब्द व्यक्त नहीं किया। प्रधानमंत्री होने के नाते उनके शब्दों का जो महत्व है, वो किसी मंत्री के शब्दों में नहीं है। कांग्रेस नेता ने पूछा मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया। गुजरात में जब राजनीति करनी थी तो एक बार नहीं दो बार सीमए बदले। उत्तराखंड में 3 बार बदला, त्रिपुरा में बदला। मणिपुर के मुख्यमंत्री को क्या विशेष आशीर्वाद है, जो खुद स्वीकार कर रहे हैं कि इंटेलिजेंस फेलियर हुआ।

### राहुल के शुरुआत न करने पर चुटकी ली

विश्वास प्रस्ताव की शुरुआत गौरव गोगोई ने जैसे ही की, भाजपा सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। कहा- सुबह सेक्रेटरी जनरल के यहां चिट्ठी आई थी कि राहुल गांधी जी बोलेंगे। हम तो उनके भाषण का इंतजार कर रहे हैं। अब गौरव गोगोई बोल रहे हैं। 5 मिनट में आखिर क्या हो गया।

### ब्रायन राज्यसभा के मौजूदा सत्र से निलंबित

तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन को राज्यसभा के मौजूदा सत्र से निलंबित कर दिया गया है। मंगलवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने डेरेक ओ ब्रायन को सदन में अव्यवस्था के लिए नेम किया। सभापति ने डेरेक ओ ब्रायन को तुरंत राज्यसभा से चले जाने का आदेश दिया। गौरतलब है कि इससे पहले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को भी मौजूदा मानसून सत्र के लिए निलंबित किया जा चुका है।

### भाजपा ने कहा- सोनिया का एजेंडा बेटे को सेट करना, दामाद को भेंट करना



सरकार की तरफ निशिकांत दुबे ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमें राहुल गांधी के बोलने की उम्मीद थी, पर वो नहीं बोले। लगता है, राहुल जी तैयार नहीं थे आज, देर से उठे होंगे। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर भी हमला बोला। दुबे ने कहा कि पीएम बोलते हैं कि ये अविश्वास प्रस्ताव नहीं, ये अपोजिशन में विश्वास प्रस्ताव है कि कौन किसके साथ है। दुबे ने कहा कि सोनिया गांधी का एक ही मकसद है कि बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना है।

### गोयल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस



विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई नेताओं ने राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। जिन दलों के नेताओं ने नोटिस दिया है, उनमें तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस, आप, द्रमुक, राजद, जदयू, राकांपा और वाम दल शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि इंडिया के दलों ने राज्यसभा के सभापति को नोटिस देकर गोयल की कुछ टिप्पणी के खिलाफ शिकायत की। गोयल न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' को लेकर बोल रहे थे कि उसने चीनी प्रचार को फैलाने के लिए कथित तौर पर चीन से जुड़ी फर्मों से धन प्राप्त किया।

---

भाजपा संसदीय दल की बैठक में बोले प्रधानमंत्री

## विपक्ष अविश्वास से भरा है

### सेमीफाइनल में भी हार गया विपक्ष



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि विपक्ष अविश्वास से भरा है और उनका अविश्वास प्रस्ताव यही दिखा रहा है। संसद के मानसून सत्र के 14वें दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही। सूत्रों के अनुसार श्री मोदी ने यह भी कहा कि विपक्ष का सेमीफाइनल का मन था और कल सेमीफाइनल हो गया। नतीजा सबके सामने है। सूत्रों के अनुसार बैठक में संसद में अविश्वास प्रस्ताव सियासी बहस से पहले विपक्ष के सवालों के मुकाबले की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में प्रधानमंत्री श्री मोदी के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। अविश्वास प्रस्ताव पर आठ, नौ एवं दस अगस्त को 18 घंटे की बहस के बाद प्रधानमंत्री जवाब देंगे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विपक्ष अविश्वास से भरा है और ये दिखाने के लिए वो अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष का सेमीफाइनल का मन था और कल सेमीफाइनल हो गया। नतीजा सबके सामने है। उन्होंने कहा कि जो लोग सामाजिक न्याय की बात करते हैं उन्होंने वंशवाद, तुष्टिकरण, भ्रष्ट राजनीति से सामाजिक न्याय को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। बीते नौ वर्षों में मोदी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में पहले अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद की सदस्यता बहाल होने के बाद वह भी चर्चा में भाग लेंगे। कांग्रेस ने इस बात की पुष्टि की है।

---

## मणिपुर हिंसा : असम राइफल्स के जवानों पर एफआईआर

- पुलिस का रास्ता रोकने का लगा आरोप
- हत्या के मामले में गिरफ्तारी नहीं करने दी

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर पुलिस ने केंद्रीय अर्धसैनिक बल असम राइफल्स के जवानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि असम राइफल्स के जवानों ने राज्य पुलिस को बिष्णुपुर जिले में तीन लोगों की हत्या में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने से रोका। जवानों के खिलाफ एफआईआर 5 अगस्त को दर्ज की गई लेकिन पुलिस ने इसकी जानकारी 8 अगस्त को दी। मंगलवार को ही असम राइफल्स को हिंसा प्रभावित मणिपुर के विष्णुपुर जिले से हटाया गया है। असम राइफल्स केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आता है और सेना के ऑपरेशनल कंट्रोल में है। एफआईआर बिष्णुपुर जिले के फौगाकचाओ इखाई पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। इसके अनुसार बिष्णुपुर के फोलजंग रोड के किनारे क्वाक्टा वार्ड 8 में स्थित कुतुब वाली मस्जिद पहुंचने पर राज्य पुलिस की टीमों को रोक दिया गया। असम राइफल्स के 9 जवानों ने अपने कैस्पर वाहन को क्वाक्टा फोलजांग रोड के बीच में पार्क कर पुलिस का रास्ता रोका। उन्होंने पुलिस के काम में बाधा डाली। इसी दिन मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स के जवानों के बीच बहस का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में मणिपुर पुलिस के कमांडो असम राइफल्स के जवानों पर उनके ऑपरेशन में दखल देने का आरोप लगा रहे हैं।

## राहुल को फिर आवंटित किया गया बंगला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने के ठीक एक दिन बाद उन्हें उनका पुराना सरकारी बंगला फिर से मिल गया। लोकसभा की आवास समिति ने मंगलवार को उन्हें फिर से 12 तुगलक लेन बंगला आवंटित कर दिया। हालांकि वे अपने इस घर में रहने कब जाएंगे यह उन्होंने नहीं बताया। लेकिन बंगला मिलने के बाद कहाकि पूरा हिंदुस्तान उनका घर है।

उल्लेखनीय है कि मोदी सरनेम मामले में सदस्यता गवाने के बाद राहुल गांधी ने बीते 21 अप्रैल को अपना सरकारी आवास पूरी तरह से खाली कर दिया था। वे 19 साल से इस बंगले में रह रहे थे। बंगला खाली करने के बाद उन्होंने कहा था कि मैने सच बोलने की कीमत चुकाई है। बतादें कि मोदी सर नेम मामले में उन्हें सूरत की एक अदालत ने 23 मार्च को दो साल की सजा सुनाई गई थी। इसके चलते न केवल उनकी लोकसभा की सदस्यता खत्म हो गई थी बल्कि उन्हें अपना

### बोले- पूरा हिंदुस्तान हमारा घर

सरकारी आवास भी खाली करना पड़ा था और वे 10 जनपथ में अपनी मां सोनिया गांधी के साथ रहने चले गए थे। लेकिन 4 अगस्त को जब सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा पर रोक लगा दी तो 7 अगस्त को लोकसभा सचिवालय ने उनकी संसद सदस्यता बहाल कर दी और 8 अगस्त को उन्हें फिर से पुराना बंगला 12 तुगलक लेन आंवटित कर दिया गया।

### 12 को करेंगे वायनाड का दौरा

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा सचिवालय द्वारा उनकी सदस्यता बहाल किए जाने के बाद पहली बार 12 और 13 अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने एक ट्वीट में कहा, 12-13 अगस्त को राहुल गांधीजी अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में होंगे। वायनाड के लोग इस बात से खुश हैं कि लोकतंत्र की जीत हुई है, उनकी आवाज संसद में लौट आई है। राहुल जी सिर्फ एक सांसद नहीं, बल्कि उनके परिवार के सदस्य हैं।

## केरल विधानसभा में समान संहिता के खिलाफ प्रस्ताव पास

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल विधानसभा ने मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर दिया है। इसी के साथ केरल यूसीसी के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने वाला पहला राज्य बना गया है। केरल विधानसभा ने सर्वसम्मति से मांग की कि केंद्र सरकार देश की पूरी आबादी को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर कोई भी कदम उठाने से बचे।

यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने पेश किया। प्रस्ताव को कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने समर्थन दिया था। प्रस्ताव में सीएम विजयन ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए केंद्र सरकार का एकतरफा और जल्दबाजी वाला कदम संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को खत्म कर रहा है। केंद्र सरकार बिना किसी वैचारिक बहस में शामिल हुए या सर्वसम्मति की तलाश किए इस एकतरफा कदम के साथ आगे बढ़ी है। प्रस्ताव में कहा गया है कि इससे आबादी के विभिन्न वर्गों में चिंता पैदा

### अब जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को समन

**रांची, एजेंसी।** ईडी ने रांची के जमीन घोटाले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन भेजा है। उन्हें 14 अगस्त को ईडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इसके पहले ईडी ने माइनिंग घोटाले में भी हेमंत सोरेन से पिछले साल 22 नवंबर को लगभग दस घंटे तक पूछताछ की थी। माइनिंग घोटाले के बाद अब जमीन घोटाले में पूछचाछ से सीएम की परेशानियां बढ़ सकती हैं। ईडी रांची के जमीन घोटाले में पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, रांची के न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल, कोलकाता के कारोबारी दिलीप कुमार घोष और अमित कुमार अग्रवाल सहित 13 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस घोटाले में ईडी इन दिनों रांची के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

---

नीति आयोग के प्रतिवेदन पर प्रबुद्धजनों के साथ परिचर्चा में बोले शिवराज

# मध्यप्रदेश में विकास के समग्र प्रयासों से गरीबी घटी

- परिचर्चा में विद्वान वक्ताओं ने मध्यप्रदेश के प्रयासों को सराहा




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में सामाजिक न्याय के लिए निरंतर बुनियादी नागरिक सुविधाएं बढ़ाने से गरीबी तेजी से घटी है। प्रदेश में तकरीबन 1 करोड़ 36 लाख लोगों को गरीबी से निजात मिली है। यह संभव हो पाया है विकास के लिए सभी के समग्र और समन्वित प्रयासों से। उन्होंने कहा कि सिर्फ आय वृद्धि ही गरीबी कम होने का आधार नहीं बल्कि अधोसंरचना की मजबूती के साथ नागरिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने, पर्यावरण के संतुलन, वन्य-प्राणियों के संरक्षण जैसे कार्यों से सम्पूर्ण समृद्धि संभव होती है। संसाधनों पर सभी नागरिकों का अधिकार है। श्री चौहान आज कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में नीति आयोग के प्रतिवेदन पर प्रबुद्धजन के साथ परिचर्चा सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान को बहुआयामी गरीबी पर तैयार रिपोर्ट की प्रति सौंपी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि मध्यप्रदेश में 1 करोड़ 36 लाख लोगों को गरीबी से मुक्त करने की यात्रा तय की गई है। आज मध्यप्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग की ओर से प्रकाशित नीति की संक्षिप्त प्रति भी जारी की गई। उन्होंने कहा कि यह एक अहम प्रश्न है कि गरीबी की परिभाषा क्या है। बुनियादी आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार का साधन, पढ़ाई और दवाई की व्यवस्था ही गरीबी से मुक्ति नहीं है। प्रत्येक मनुष्य सुखी जीवन का आकांक्षी होता है। इसके लिए शरीर, आत्मा, बुद्धि और मन का सुख आवश्यक माना जाता है।

श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन से महिलाओं को राशि के साथ ही उनके सम्मान में वृद्धि का कार्य हुआ है। इस योजना के फलस्वरूप ग्रामों में छोटे दुकानदारों की बिक्री बढ़ चुकी है। अर्थ-व्यवस्था को बल मिल रहा है। कार्यक्रम में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, सचिव मुख्यमंत्री एवं जनसंपर्क विवेक पोरवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी, अर्थशास्त्री और शोध विद्यार्थी भी काफी संख्या में उपस्थित थे।

### सामाजिक क्षेत्र में व्यय बढ़ने से कम हुई गरीबी : प्रो. चतुर्वेदी

परिचर्चा में राज्यनीति एवं योजना आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में व्यय बढ़ने से बहुआयामी गरीबी को कम करने में सफलता मिली है। प्रदेश में विकास का मद बढ़ने से सशक्त समाज की कल्पना को साकार कर एक बड़े तबके को सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं। मध्यप्रदेश सांख्यिकी आयोग बनाने वाला प्रथम राज्य है। शहरों और ग्रामों के गौरव दिवस मनाने की पहल भी सराहनीय है। जिलों की स्थिति का अध्ययन और योजनाओं के क्रियान्वयन का विश्लेषण भी किया जा रहा है। आयोग के अध्ययन के लिए प्रदेश में उद्योग और व्यवसाय से जुड़े दो नगरों इंदौर, भोपाल और वन क्षेत्र वाले जिलों मंडला और सीहोर का चयन किया गया है। इससे संबंधित प्रतिवेदन सितम्बर माह के अंत तक ■ **शेष पृष्ठ 5 पर**

### गरीबी उन्मूलन में म.प्र. का महत्वपूर्ण योगदान : डॉ. सूरी

नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. योगेश सूरी ने परिचर्चा में कहा कि मध्यप्रदेश का गरीबी उन्मूलन में बड़ा योगदान प्राप्त हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी कम करने में विशेष सफलता मिली है। बहुआयामी गरीबी संकेतक के आधार पर किए गए आकलन के अनुसार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बहुआयामी गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली जनसंख्या का प्रतिशत लगभग 19 प्रतिशत कम हुआ है। यूएन रेसीडेंट को-आर्डिनेटर शोम्बी शार्प ने मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र में हुए विकास को सराहनीय बताया। सतत विकास लक्ष्यों के साथ जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर आवश्यक प्रयास होना ही चाहिए। सांख्यिकी आयुक्त प्रवीण श्रीवास्तव ने प्रदेश में गरीबी उन्मूलन प्रयासों की सफलता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधानमंत्री की एडवाइजरी काउंसिल की सदस्य प्रो. शमिका रवि ने कहा कि आय वृद्धि के पारम्परिक आधार से हटकर स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे मापदंडों के कारण गरीबी उन्मूलन का वास्तविक आकलन संभव होता है। मध्यप्रदेश में पेयजल, सिंचाई, विद्युत आपूर्ति, ■ **शेष पृष्ठ 5 पर**

## सार-समाचार

### असाता कर्म का उदय नरक एवं स्वर्ग में पृथक-पृथक फल देता हैः मुनिश्री

**खुरई, देशबन्धु।** प्राचीन जैन मंदिर में विराजमान मुनिश्री समयसागर ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि असाता का उदय नरक में अगर हो तो ज्यादा मिलेगा और स्वर्ग में अगर हो तो थोड़ा मिलकर चला जाएगा। मनुष्य है तो मिला-जुला आयेगा। काल अगल है, चौथे काल में अलग है, पंचम काल में अलग है। अगर यहां बैठे हैं तो कर्म दूसरे ढंग से फल देगा और इस कम्पाउण्ड से बाहर निकल जाएंगे, कर्म का फल दूसरे ढंग से मिलेगा। क्षेत्र बदल गया। मंदिर में बैठे हैं तो क्रोध का उदय अपना उतना फल नहीं दे पाएगा। मान, कशाय अब ज्यादा नहीं घेरेगी, मेरी मायाचारी मुझे उतना परेशान नहीं करेगी, लोभ जागृत होकर के वहीं के वहीं नष्ट हो जाएगा। या अपनी दिशा बदल लेगा और फिर कहेगा कि ठीक है, अब दुकान नहीं जा रहे तो चलो कोई बात नहीं, चलो धर्म ध्यान कर लेते हैं, चारों कशायें मेरे जो विकारी भाव हैं, मेरे भावों को बिगाड़ने वाली ये चीजे हैं, ये मेरे हाथ में हैं, मैं अगर कर्मों के उदय में द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव इनके परिवर्तन की चतुराई सीख जाऊं, तो मैं आसानी से उसके फल को बदल सकता हूं। अब ये इतनी सी और अपने को सीख लेनी है, द्रव्य मिला हुआ है, ये शरीर, पता नहीं कौन सा पुण्य किया होगा जिससे कि मनुष्य की देह मिली, ये मेरे किसी साता का उदय है। लेकिन अब ये द्रव्य है, इसका जैसा उपयोग करना हो, इसको विषय-वासनाओं में और भौतिक सुख सुविधाओं में लगाना हो तो लगा सकते हैं आप, द्रव्य तो मिला हुआ है। प्रवचन सभा का संचालन सुनील पिठौरिया एवं अशोक शाकाहार ने किया।

### हमें अपनी गलतियों के प्रायश्चित लिए गुरु के समक्ष क्षमा मांगनी चाहिएः मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** विषयों से विरक्ती, परिग्रह का त्याग, कषायो का समन, इन्द्रिय दमन, तत्व अभ्यास, मोक्ष के लिए पक्का इरादा, भगवान के प्रति भक्ति और दया की प्रकृति भव्य जीवो मे ही पाई जाती है। यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनि श्री ने कहा विनय पूर्वक, मान और मायाचारी छोड़कर गुरु के समक्ष अपने व्रतों के अतिचारों को कहना आलोचना है और स्वयं में स्वयं के द्वारा स्वयं के दोषों की आलोचना करना आत्म निंदा है और गुरु के पास जाकर अपने अपराधों को कहना गर्हा है। हमें अपनी गलतियों, दोषो का प्रायश्चित करने के लिए गुरु के समक्ष क्षमा मांगनी चाहिए और पुनः उन गलतियों को दोहराना नहीं चाहिए। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा की आसन्न सागर की समाधि हमारे लिए प्रेरणा है कि हम भी व्रत को धारण कर, समाधि मरण करें। साथ में कुछ नहीं जाता, बस हमारा धर्म, त्याग, संकल्प और पुण्य साथ में जाता है। श्रेष्ठ कार्य दान दया आदि करते रहें। संलेखना करने वाले जीव के दो या तीन भाव में या अधिक से अधिक सात आठ भव में अवश्य ही मुक्ति हो जाती है। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया की मंगल कलश पुण्यार्जक परिवारों का चातुर्मास कमेटी द्वारा उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पं. उदय चंद शास्त्री ने किया।

### प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस द्वारा बनाई जा रही चुस्त दुरुस्त व्यवस्था



**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित सागर आगमन पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा स्वयं अपने निर्देशन में लगातार जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों से होटल लॉज, ढाबा, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, सराय, लॉज आदि की प्रतिदिन सघन चैकिंग करवाई जा रही है। होटल, लॉज, ढाबा आदि के मालिकों को पुलिस द्वारा निर्देशित किया गया है कि कोई भी संदिग्ध मुसाफिर आपके यहां आकर रुकता है इसकी जानकारी तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम एवं निकटतम पुलिस थाना को दी जावें। इसके साथ ही जिले में आने वाले सभी मार्गों पर चैकिंग लगवाई गई है जिसमें जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों को चैक करने पर ही जिले में प्रवेश दिया जा रहा है। सभी किरायेदारों को भी चैक करवाया जा रहा है, पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को गूगल मीट पर मीटिंग लेकर सुरक्षा एवं चैकिंग से संबंधित विस्तृत निर्देश दिए गए हैं, साथ ही दोनों प्रोग्राम स्थलों पर 24 घंटे राजपत्रित पुलिस अधिकारियों को समुचित पुलिस बल के साथ लगाया गया है तथा सुरक्षा से संबंधित सभी आवश्यक स्थानों पर बीडीडीएस की चैकिंग करवाई जा रही है।

### स्तनपान सप्ताह का किया आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास सागर क्र. 2 में स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त तक आयोजित किया गया। जिसमें बच्चे के जन्म के बाद पीलागाठा दूध 1 घंटे के अंदर बच्चे को देना। 180 दिन बाद ऊपर आहार देने आवश्यक है। प्रतिमाह वजन लेना आदि कार्यक्रम में सेक्टर पवेक्षक ममता निषाद एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में कार्यक्रम किया गया।

# खुलेआम अवैध शराब का विक्रय, सड़क दुर्घटनाओं का बन रहा हैं कारण

**शराब के नशे में अनेकों लोग हो चुके चोटिल एवं हुए काल काल्वित**

**बण्डा, देशबन्धु।** लोगों के स्वास्थ्य को बचाने के लिए सहजता से दवा भले ही न मिल पाये लेकिन लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली अवैध शराब हर गली चौराहा एवं गांव-गांव में सरलता एवं सहजता से मिल जाती है, ये सारा अवैध शराब का कारोबार आबकारी विभाग के संरक्षण में खुले आम चल रहा है। हम अगर अतीत में जाएं तो पहले देशी शराब दुकान पर देशी अंग्रेजी शराब दुकान पर अंग्रेजी शराब का विक्रय लाइसेंस के आधार पर होता था और इसके अलावा अगर कहीं अन्य जगह शराब का विक्रय होते हुए मिलता था तो कठोर कार्रवाई की जाती थी। तब आबकारी विभाग इतना मुस्तैद ईमानदारी से कार्य करता था लोग अवैध शराब बिक्री करने से डरते थे बाकायदा आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी वार्ड वार्ड, नगर में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन सघन चेकिंग करते थे लेकिन वर्तमान में देखा जाए तो सबसे पहले तो आबकारी विभाग का कार्यालय और आबकारी विभाग में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी कौन है इसकी आज तक जानकारी नहीं मिल पाती है। पहले की बात करें तो शराब की दुकानों में कम से कम 15 से 30 किमी तक मुख्य शहरों में ही शराब दुकाने संचालित होती थी, जहां पर अधिकांश का सुरा प्रेमी मर्यादा में बंध कर, खुलकर शराब लेने जाने में संकोच करते थे, वहीं वाहन चलाते समय पुलिस शक्ति होने के कारण वाहन चलाते समय शराब प्रयोग नहीं कर पाते थे संतोषजनक नतीजा यह रहता था कि सड़क दुर्घटनाएं वगैरह नहीं हो पाती थी। अब बात करें वर्तमान में हर गली कूचो में चाय, पान, किराना दुकान एवं ढाबों आदि पर सरलता से अवैध शराब सस्ते दरों में प्राप्त हो जाती है और जिसका शराबी लोग नशा कर वाहन चलाते है, जो कभी वाहन चलाते समय खुद के लिए तो कभी अन्य किसी वाहन चालक अथवा राह चलते लोगों के लिए घातक बन जाते है, पूर्व में शक्ति से बिकने वाली शराब के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आंकड़े और वर्तमान में सरलता एवं सहजता से मिलने वाली अवैध शराब मे सडक दुर्घटनाओं के आंकड़े एकात्रित किए जाएं तो अंतर हजारों में निकलेगा।

#### आबकारी विभाग का पता नही पुलिस कार्रवाई करते दिखती है

अब हम बात करे कार्रवाई की तो अभी तक केवल पुलिस आबकारी विभाग का काम सभाल रही है क्योंकि लोगों को यह तक पता नही है कि आबकारी विभाग का बण्डा में कार्यालय कहां पर और सबंधित विभाग के अधिकारियों का दायित्व क्या है, केवल पुलिस कार्रवाई करते हुए दिखती है।

### हमें हर कार्य परमात्मा की याद में रह कर करना चाहिएः नीलम बहन



**नरयावली, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवाकेंद्र नरयावली के तत्वावधान में श्रीमदभागवत गीता पर आधारित ज्ञान यज्ञ एवं राजयोग शिविर के छठवें दिवस में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने कहा कि आत्मा की तीन सूक्ष्म शक्तियां होती हैं मन, बुद्धि और संस्कार। मन आत्मा की पहली शक्ति विचार करने की क्षमता हैं, इच्छा शक्ति हैं, कस्ल्पना करने की शक्ति हैं, महसूस करने की क्षमता हैं। मन को चंचल घोड़ा हैं, तो बुद्धि मन की लगाम हैं। बुद्धि आत्मा की दूसरी सूक्ष्म शक्ति है बुद्धि। मन और बुद्धि का एक दूसरे के साथ गहरा संबंध हैं। मन सोचने की शक्ति है तो बुद्धि समझने की शक्ति है। आत्मा की तीसरी शक्ति है संस्कार। मनुष्य अपने मन के विचारों को बुद्धि की विवेक शक्ति से समझकर जब स्वतंत्र इच्छा से कर्म करने लगता हैं, तब वह कर्म आत्मा पर अपना प्रभाव डालता हैं वहीं संस्कार हैं। आध्यात्मिक ज्ञान से मानव सर्वागींण विकास कर सकता हैं अपनी खोई हुई शक्तियों को जागृत कर सकता हैं। हमें हर कार्य परमात्मा की याद में रह कर करना चाहिए। यदि हम कार्य और उसके परिणाम को ईश्वर को सौंप कर करते हैं तो वह कार्य सहज ही पूर्ण हो जाता हैं और सफलता भी प्राप्त होती हैं। इस अवसर पर लक्ष्मी बहन, आरती बहन, निधि बहन, नेहा बहन और अन्य भाई, बहन, माताएं और नगर वासी शामिल रहें।

### एंटी रैगिंग जागरूकता सप्ताह अभियान के तहत 12 से 18 अगस्त तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि में विवि अनुदान आयोग के निर्देशानुसार एंटी रैगिंग जागरूकता सप्ताह अभियान के अंतर्गत 12 से 18 अगस्त के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 12 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में सायं 6 बजे से नाटक मंचन, 13 अगस्त को कन्या छात्रावास में सायं 4 बजे से कार्यशाला एवं व्याख्यान, 16 अगस्त को सायं 4 बजे बालक छात्रावास में व्याख्यान, 14 अगस्त को विधि विभाग में दोपहर 2 बजे से भाषण प्रतियोगिता, 15 अगस्त को झंडा वंदन के उपरांत गौर प्रांगण से रैली का आयोजन, 16 अगस्त को हिंदी विभाग में दोपहर 2 बजे से रैगिंग शिक्षित समाज का कलंक विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसी तरह 17 अगस्त को फाईन आर्ट्स विभाग में पोस्टर, स्लोगन एवं लोगो प्रतियोगिता होगी। 18 अगस्त को विवि के अभिमंच सभागार में दोपहर 2 बजे से चलचित्र एवं समापन समारोह आयोजित होगा।



**सागर, देशबन्धु।** श्री देव राम मंदिर में शिवपुराण कथा का समागम चल रहा है जिसमें कथाव्यास नवीन बिहारी भाई द्वारा मंगलवार को कंडुकेश्वर महादेव का प्रसंग बताया गया और जिसमे समस्त पीतल फैक्टरी कॉलोनी नागरिक और माताएं शामिल हुये।

### विधायक ने लाखा बंजारा झील से हटाई जा रही जलकुंभी के कार्य का किया निरीक्षण




**सागर।** विधायक शैलेंद्र जैन ने लाखा बंजारा झील में रायकवार समाज द्वारा निकाली जा रही जलकुंभी के कार्य का निरीक्षण किया, उल्लेखनीय है कि स्मार्ट सिटी के माध्यम से लाखा बंजारा झील का गहरीकरण एवं पुनर्निर्माण का कार्य किया जा रहा है जिसमें इस बारिश मैं पानी भरने के कारण तालाब में काफी जलकुंभी फैल गई है तालाब की सुंदरता कम हो गई है और शहर के ड्रेनेज के पानी के 55 नाले टेपिंग होने के बाद तालाब में गंदा पानी जाने से रोक दिया गया है अब तालाब में पूर्ण रूप से शुद्ध वर्ष का जल है परंतु जलकुंभी के कारण उसकी सुंदरता छुप गई है इसके लिए विधायक ने स्मार्ट सिटी प्रशासन को जलकुंभी हटाने का निर्देश दिए हैं जिसका कार्य जारी है उन्होंने तालाब पर पहुंचकर इस कार्यक्रम निरीक्षण किया और कार्य की गति को बढ़ाने के लिए जेसीबी मशीन एवं डंपर की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए और 15 अगस्त के पूर्व तालाब की जलकुंभी को हटाने के लिए निर्देशित किया।

### मुख्य अभियंता स्वंय दस्तक दे रहे है शिविरों में



**सागर।** म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. सागर के मुख्य अभियंता केएल वर्मा जनसमस्या निवारण शिविरों में समय-समय पर स्वयं उपस्थित होकर उपभोक्ताओं से रू-ब-रू हो रहे है एवं उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल निदान करवा रहे है। उल्लेखनीय है बिजली कंपनी में 3 से 12 अगस्त तक बिजली से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु विशेष शिविर लगायें जा रहे है मुख्य अभियंता श्री वर्मा ने इस दौरान ढाना, बीना शहर, खुरई ग्रामीण, नरयावली, पन्ना में पवई संभाग के अंतर्गत पुरेना ग्राम, खजुराहो संभाग के गोरारी एवं महाराजपुर के अंतर्गत बुररक ग्राम छतरपुर वृत्त के अंतर्गत गढीमलहरा के गरोली ग्राम मे आयोजित सांयकालीन शिविर मे अपनी उपस्थिति दी है। सागर क्षेत्र के अंतर्गत 125 वितरण केन्द्र आते है आदेशानुसार 3 से 12 अगस्त तक प्रत्येक वितरण केन्द्र के अंतर्गत 5 बडे ग्रामों मे शिविर लगाये जाना है अभी तक कुल 400 शिविर आयोजित किये गये है जिनमे 2100 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 1480 शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जा चुका है शेष 620 शिकायतों का समय-सीमा मे निराकरण किया जावेंगा उल्लेखनीय है शिविरों में ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया जाता है साथ ही उपभोक्ताओं को विद्युत बिल जमा करने हेतु एवं नये कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करने की समझाईश दी जा रही है।

### मंत्री भूपेन्द्र सिंह क्षेत्र में विकास कार्यो की सौगातें दे रहे हैंः सरोज सिंह



**बांदरी, देशबन्धु।** मंत्री भूपेन्द्र सिंह के निर्देश पर बांदरी के ग्राम बीजरी, मुहली बुजुर्ग, नाऊढाना एवं नौनोनी में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की मुख्य अतिथि जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण कराया। मुहली बुजुर्ग में 3.24 लाख की लागत के सीसी रोड का भूमिपूजन किया। उन्होंने बताया कि मुहली बुजर्ग में मंत्री श्री सिंह के प्रयासों से 145 हितग्राहियों को आवास एवं 183 बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने नाऊढाना एवं नौनोनी में भी जनसमस्या निवारण शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं एवं विकास व निर्माण कार्यां का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि आज बीजरी ग्राम में सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन होने जा रहा है। सामुदायिक भवन बन जाने के बाद रहवासियों को सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम करने में सुविधा हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले यहां आने के लिए पक्की सड़कें नहीं थीं। आज क्षेत्र में जहां जाओ वहां पक्की सड़कें बन गई। मंत्री भूपेन्द्र सिंह निरंतर क्षेत्र का विकास करा रहे हैं।

### बरमान से शुरू कांवड़ यात्रा पटनेश्वर में संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** श्रावण माह में बोल बम समिति ढाना के द्वारा बरमान से शुरू कांवड़ यात्रा पटनेश्वर धाम ढाना में संपन्न हुई। जहां पर भगवान महादेव का महारूद्राभिषेक किया गया। सुशील पांडे ने बताया कि बरमान घाट स्थित नर्मदा नदी से जल लेकर सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा करते हुए ढाना पहुंचे, ढाना के आसपास के अन्य ग्रामों जैतपुर, सेमरा अंगद, लालेपुर, हिलगन, खटेरा भान, खांड, पिपरई, घाटमपुर, बरोदा बंसिया, नारायणपुर, हफसिली, बैरसिया, उदयपुरा, सगोरिया, किशनपुरा, चावड़ा, सापट, सुरखी आदि के 700 से अधिक कांवडिया शामिल हुए। यात्रा के दौरान मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा ढाना से बरमान घाट तक की कांवडियों को व्यवस्थाएं कराई गईं। देवरी में मंत्री श्री भार्गव सम्मिलत हुए। यात्रा में भूपेंद्र ठाकुर, मधुर, कालू प्रजापति, साजन चौबे, धर्मेंद्र मिश्रा, रणधीर ठाकुर, रविंद्र लोधी, सरमन कुर्मी, पिंटू राजपूत आदि शामिल हुए।

### समरसता यात्रा में शामिल हुये हीरा सिंह राजपूत



**बिलहरा, देशबन्धु।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में समरसता यात्रा रथ पहुंच रहे हैं। इसी तारतम्य में बिलहरा में समरसता यात्रा रथ पहुंचा जहां जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने पहुंचकर सभी यात्रा में शामिल क्षेत्रवासियों का स्वागत करते हुये कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमारे सागर में 100 करोड़ की लागत से संत रविदास का भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है जिसको लेकर सुरखी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में समरसता यात्रा निकाली जा रही है। इन रथों में गांव गांव से एक-एक मुट्ठी मिट्टी एकत्रित की जायेगी जो संत रविदास के मंदिर के लिये समर्पित की जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 अगस्त को मंदिर निर्माण का भूमिपूजन करने आ रहे हैं जिसमें क्षेत्रवासी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी एकता का परिचय देते हुये संत रविदास मंदिर के भूमिपूजन में अपना अतुल्यनीय योगदान दें।

### मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए बड़ी राहत देता है रोटरी आहार केंद्रः शैलेंद्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन एवं रोटरी क्लब सागर की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ऋतु ग्रोवर ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर वहां पर लगभग 19 वर्षो से संचालित रोटरी आहार केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक शैलेंद्र जैन ने संस्था कि सराहना करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय में जिले भर के गरीब मरीज अपने इलाज कराने आते हैं ऐसी स्थिति में उनके अटेंडरो को यहां पर रुक मरीजों की सेवा एवं दवाइयां लाने हेतु या रुकना पड़ता है ऐसे स्थिति में वे इतने सक्षम नहीं होते हैं कि किसी भोजनालय या रेस्टोरेंट में जाकर खाना खा सके उनके लिए रोटरी आहार केंद्र द्वारा मात्र 10 में भोजन की उपलब्धता वरदान के समान है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रितु ग्रोवर ने भी संस्था के कार्यों की सराहना की। संस्था में कार्यरत कमल जैन एवं उनके साथी जो लगभग 19 वर्ष से रोटरी आहार केंद्र का संचालन कर रहे हैं उनको रोटरी क्लब सागर द्वारा सम्मानित किया गया और उन्हें संस्था की ओर से नगद राशि प्रदान की। कार्यक्रम में आभा आनंद, प्रिंस जैन, अर्पित अग्रवाल, डॉ. अरुण सराफ, डॉ. आरएस जयंत, डॉ. नीना गिडियन सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं रोटरी से जुड़े हुए लोग उपस्थित थे।

### मंत्र एकेडमी के 90 छात्र मुख्य परीक्षा से उत्तीर्ण होकर दे रहे हैं, एमपीपीएससी का साक्षात्कार

**सागर, देशबन्धु।** यह गर्व का विषय है कि 9 अगस्त से मप्र लोक सेवा आयोग में राज्य प्रशासनिक सेवा 2019 की साक्षात्कार प्रक्रिया में 30 से अधिक छात्र साक्षात्कार दे रहे है। इंदौर में भी यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि सागर के एक इंस्टीट्यूट से मुख्य परीक्षा में सफलता का प्रतिशत 90 प्रतिशत रहा है। इस संदर्भ में मंत्र एकेडमी के डायरेक्टर का कहना है कि निश्चित तौर पर यह बुंदेलखंड के छात्रों का परिश्रम, टेस्ट प्रक्रिया और ऑनलाईन के बजाय ऑफ लाईन कोचिंग पर विश्वास का परिणाम है। श्री तिवारी ने सभी छात्रों को अग्रिम शुभकामनायें प्रेषित करते हुये साक्षात्कार में छात्रों को संदेश दिया कि आपके व्यक्तित्व की परख, आपका प्रोफाइल, साक्षात्कार के समय अभाषिक संवाद, शारीरिक हाव भाव प्रस्तुत करने के तरीकों पर आप अपनी पकड़ को मजबूत बनायें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष 50 से अधिक छात्र बुंदेलखंड से प्रशासनिक अधिकारी बनकर एक नवीन कीर्तिमान स्थापित करेंगें। उन्होंने युवा वर्ग को संदेश दिया कि आपका कैरियर प्रतियोगिताओं में निहित है अतः एव आपको अपने स्नातक अध्यापन के दौरान अपने लक्ष्यों को निर्धारण कर लेना चाहिये। इसी तारतम्य में मंत्र एकेडमी के मैनेजिंग डायरेक्टर रीतेश दुबे ने जानकारी दी कि संस्था में 12 के पश्चात ग्रेज्युशन के साथ तीन साल का एक कोर्स बैच प्रारंभ है। मंत्र एकेडमी के अंतिम वर्षों के त्रिवर्षीय कोर्स के अनेक विद्यार्थी एमपीपीएससी मैन्स दे रहे है, लक्ष्य 50 सब इंस्पेक्टर सागर से इसी की सघन तैयारी हेतु टारगेट बैच से तैयार करना है। सर्वहार हेतु संस्थान में एक वर्षीय एमपीपीएससी का प्रारंभिक मुख्य एवं साक्षात्कार हेतु बैच प्रारंभ हुआ है जिसका लक्ष्य विद्यार्थी को अंतिम सफलता दिलाना है।

### विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु लगाये जा रहे शिविर

**बण्डा, देशबन्धु।** म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. संचा./संधा. संभाग बण्डा के कार्यपालन अभियंता एलके नामदेव द्वारा बताया गया कि विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण किये जाने हेतु वितरण केन्द्र क्षेत्रांतर्गत 3 अगस्त से 12 अगस्त तक शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता के अनुसार 8 अगस्त को वितरण केन्द्र बण्डा ग्रामीण में हिनोता पटकुई, बहरोल में सेसई साजी, भड़राना में मंजला, मगरधा में बेसली, कर्रापुर में पिपरिया चमारी, कंदवा एवं शाहपुर, बण्डा शहर एवं शाहगढ़ वितरण केन्द्र कार्यालयों में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 38 नंबर शिकायते प्राप्त हुई जिसमें से 35 शिकायतों का निराकरण त्वरित किया गया।

### अतिथि शिक्षकों ने मंत्री का काफिला रोककर मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा



**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन में मंत्री भूपेन्द्र सिंह का प्रवास के दौरान हाइवे पर काफिला रोककर अतिथि शिक्षकों द्वारा नियमतिकरण सहित अन्य मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अतिथि शिक्षकों की मांग पर सरकार के समक्ष मांग रखने की बात कही। अतिथि शिक्षको ने मीडिया से चर्चा करते कहा कि विधानसभा क्षेत्र में एक हजार के लगभग अतिथि शिक्षक कार्यरत है। मालथौन अतिथि शिक्षक संघ की सरकार से मुख्य मांग है कि हमे नियमितीकरण किया जाए, सम्मानजनक वेतन दिया जाए। जिसके लिए सरकार महापंचायत बुलाकर निराकरण करें। मंत्री सिंह को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया हम अतिथि शिक्षक विगत 14-15 वर्षा से मध्यप्रदेश के शिक्षा विभाग से अल्प मानदेय 5.7.9 हजार रुपये से सेवा देते आ रहे है और बेहतर परीक्षा परिणाम दे रहे है। हमने मप्र के हजारों बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया है किन्तु हमारा भविष्य आज भी अंधकार में है। अतिथि शिक्षक रूपी पौधा आपकी ही सरकार द्वारा रोपित किया गया है। लेकिन आज तक यह पौधा आपके पोषण से वंचित रहा है इसलिये हमारा पद स्थायित्व एवं अन्य समस्याओं का निराकरण आपके ही द्वारा संभव है। रोजगार सहायकों की महापंचायत की तरह अतिथि शिक्षकों की भी महापंचायत बुलाई जायें ताकि हम लोग 14 वर्षों से जो पद स्थायित्व की आस लगायें बैठे है वह पूर्ण हो सके। सरकार से निवेदन करते है कि हम अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करे।

## सार समाचार

### 12वीं के 173 टॉपर्स को मिलेगी स्कूटी

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में शासकीय विद्यालयों के 12वीं के टॉपर्स छात्रों को मिलने वाली ई-स्कूटी वितरण के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एम.के. कोटार्य, टीओ एवं डीलर्स उपस्थित रहे। जिलेभर के 96 विद्यालयों के 173 बच्चों का ई-स्कूटी के लिए चयन हुआ है। कलेक्टर ने विमर्श पोर्टल पर प्राप्त बच्चों के कोटेशन की समीक्षा की और जिन बच्चों ने कोटेशन अपलोड नहीं किये है तत्काल कराने के निर्देश दिए। ई-स्कूटी पेट्रोल अधिकतम 90 हजार एवं ई-स्कूटी 1.20 लाख रूपए तक की स्कूटी प्रदान की जाएंगी। कलेक्टर ने 22 अगस्त तक डीलर्स को स्कूटी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। 23 अगस्त को शा. उत्कृष्ट विद्यालय क्र 1 छतरपुर में चयनित छात्रों को समारोह पूर्वक स्कूटी का वितरण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये प्रोत्साहित करने और आत्म विश्वास जागृत करने के लिए योजना शुरु की गई है।

### ट्रक को चोरीकर निकाले टायर



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** बीती रात नगर में अज्ञात चोरों द्वारा पहले एक ट्रक को चोरी किया गया और इसके बाद ट्रक को नगर के बाहर ले जाकर उसके 8 नग टायर-ट्यूब निकालकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि उक्त ट्रक के मालिक धर्मेन्द्र सिंह बुंदेला निवासी बड़ामलहरा हैं। बीती रात उनका ट्रक नगर के फर्नीचर शोरूम के बाहर चालक सुनील सुल्लेरे द्वारा खड़ा किया गया था। इसके बाद चालक अपने घर चला गया। रात को अज्ञात चोर ट्रक चोरी कर नगर के बाहर ले गए और करकी रोड पर ग्राम घिनौंची के पास ट्रक को जैक के सहारे खड़ा किया। इसके बाद चोरों ने ट्रक के 8 नग टायर-ट्यूब निकाले और ट्रक को वहीं पर छोडक़र फरार हो गए। चालक के मुताबिक टायर-ट्यूब के अलावा ट्रक के अंदर रखा अन्य सामान भी चोरी किया गया है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### समारोहपूर्वक दी सीईओ को विदाई



**बिजावर, देशबन्धु।** जनपद पंचायत बिजावर के सीईओ अखिलेश उपाध्याय का स्थानांतरण होने के बाद मंगलवार को उनके साथी अधिकारी-कर्मचारियों ने उन्हें समारोहपूर्वक विदाई दी है। नगर के अटल कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजेश शुक्ला बबलू रहे। समारोह में श्री उपाध्याय की कार्यकाल की सराहना करते हुए सभी ने उन्हें आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं श्री उपाध्याय ने सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर एसडीएम राकेश शुक्ला, महिला बाल विकास अधिकारी राजकुमार बागरी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पूजा आशीष दुबे, जनपद उपाध्यक्ष देवी सिंह यादव, नीरज भटनागर, सुरेन्द्र तिवारी, सरपंच संघ के अध्यक्ष बृजभूषण पांडे, सचिव संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष गोपालशरण व्यास सहित जनपद का समस्त स्टाफ और क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव तथा रोजगार सहायक मौजूद रहे।

# बारिश से उखड़ी शहर की सड़कें



**छतरपुर, देशबन्धु।** पिछले दिनों जिला मुख्यालय सहित संपूर्ण जिले में हुई बारिश के बाद ज्यादातर सडक़ें खराब होने लगी हैं। जिला मुख्यालय के विभिन्न मार्गों पर बारिश के बाद बड़े-बड़े गड्ढे होने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। गौरतलब है कि इस मानसून में पहली बार ही लगातार तीन दिन तक ठीक-ठाक बारिश हुई है और इसके तत्काल बाद सडक़ों की हालत खस्ता हो गई, जो कि अगले ढाई से तीन महीने तक लोगों की परेशानी का कारण बनेंगी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय पर बस स्टैंड के पास महोबा तिराहे पर बारिश के बाद बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इसके अलावा जवाहर मार्ग पर बस स्टैंड से चौबे तिराहा, बिजावर नाका, पन्ना रोड पर कलेक्टर बंगला के आसपास सडक़ में गड्ढे हो गए हैं जिससे आम लोगों तथा ई-रिक्शा, टैक्सी चालकों को भारी परेशानी हो रही है। ई-रिक्शा चालक आशीष राठौर बताते हैं कि चूंकि ई-रिक्शा और टैक्सी के पहिए छोटे हाते हैं इसलिए गड्ढे में पहिए जाने से वे जल्दी पलट जाते हैं। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर गड्ढे हो गए हैं और दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफा हो गया है। जिला मुख्यालय के अलावा यदि जिले के ग्रामीण अंचलों की बात की जाए तो यहां के हालात और भी घराब हैं। ग्रामीण अंचलों में हाल ही में बनाई गईं सडक़ें पहली बारिश के बाद खराब होने लगी हैं। संभावना है कि आने वाले समय में जब और बारिश होगी तो यह सडक़ें पूरी तरह से खराब हो जाएंगी।

**सडक़ों पर बह रहा पानी, जल निकासी के नहीं हुये ठोस उपाय :** इस संबंध में जब पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन यंत्री इंजीनियर रामस्नेही शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सडक़ें खराब होने का मुख्य कारण सडक़ों पर जमा होने वाला बारिश का पानी है। उन्होंने बताया कि चूंकि मुख्य मार्गों के पास नालियां नहीं हैं, जिस कारण से बारिश का पानी सडक़ों पर जमा हो जाता है और सडक़ें बारिश में शराब हो जाती हैं। इसके अलावा बस स्टैंड के समीप महोबा तिराहे पर नगर पालिका द्वारा नाले का काम कराया जा रहा है जिसके चलते प्रतिदिन नाले का पानी सडक़ पर बहाया जाता है, जो सडक़ पर ही जमा हो जाता है और यहां सडक़ में गड्ढे हो गए हैं। उन्होंने बताया कि एक वर्ष पूर्व जवाहर मार्ग का निर्माण कराया गया था जो कि बारिश का पानी जमा होने के कारण अब खराब होने लगी है, जिसका सुधार कराया जाएगा। अन्य स्थानों पर जहां गड्ढे हैं, वहां पेंचवर्क कराकर व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। श्री शुक्ला ने बताया कि शहर के पन्ना रोड पर पन्ना नाका से रुद्राक्ष होटल तक नई सडक़ बनाई गई जिसकी पहली लेयर का काम हो चुका है। बारिश के बाद दूसरी लेयर डाली जाएगी। मुख्य मार्गों के किनारे नालियां भी बनवाई जाएंगी।

### दलदल में तब्दील हुआ गांव का रास्ता




*__छतरपुर, देशबन्धु।__ मंगलवार को जनसुनवाई में बड़ामलहरा क्षेत्र के ग्राम जसगुवां कला से आए करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग से गांव तक के पहुंच मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है। आवेदन देने से पहले ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय के बाद नारेबाजी भी की। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।*

*ग्रामीण बलीराम अहिरवार ने बताया कि मुख्य मार्ग से गांव तक पहुंच मार्ग की दूरी करीब 3 किलोमीटर पर है जिसका निर्माण नहीं हुआ है। बारिश के दिनों में यह मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता है जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके बच्चों को स्कूल जाने के लिए इसी मार्ग से आवागमन करना पड़ता है, जिससे उनका गणवेश खराब हो जाता है। इसके अलावा विषम परिस्थितयों में एंबुलेंस आदि वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते। ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर नाराजगी जताई है और चतावनी दी है कि यदि चुनाव से पहले सडक़ नहीं बनी तो वे चुनाव का बहिष्कार करेंगे तथा वोट मांगने के लिए आने वाले जनप्रतिनिधियों को जूतों का हार पहनाएंगे। फिलहाल कलेक्टर ने ग्रामीणों का आवेदन लेकर समाधान कराने का भरोसा दिया है।*

### पूर्व मंत्री ललिता यादव ने किया दौरा, ग्रामीण ने बताई समस्या

# स्कूल की बिल्डिंग खतरनाक, टपक रहा पानी



**छतरपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव ने आज छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अचट्ट का दौरा कर भजन-कीर्तन करवाते हुए महिलाओं को सुहाग की सामग्री वितरित की तथा उनकी समस्याएं सुनकर निराकरण कर आश्वासन दिया। सावन के पावन महीने में वृदांवन के कलाकारों के साथ ग्राम अचट्ट पहुंची पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव ने ग्रामीणों को भक्ति रस में डुबोने के लिए भजन-कीर्तन की प्रस्तुतियां कराई। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को सुहाग की सामग्री वितरित की। श्रीमती ललिता यादव ने ग्रामीणों से उनकी समस्याएं सुनी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने 2018 में मिडिल स्कूल का हाई स्कूल में उन्नयन तो करा दिया तथा लेकिन अभी तक स्कूल का नया भवन नहीं बन सका है। जिससे अभी भी कक्षाएं पुराने खस्ताहाल भवन में लग रही है। इस भवन की हालत बेहद जर्जर होने से जगह-जगह से पानी टपक रहा है और इसके कभी भी धराशाई हो जाने की आशंका है। इतना ही नहीं स्कूल परिसर में गंदगी पसरी पड़ी है। ग्रामीणों नें आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक ने गांव में स्वागत द्वार बनवाने के अलावा विकास के कोई कार्य नहीं करवाएं। इस मौके पर बताया गया कि गांव की 404 महिलाओं को लाड़ली बहना योजना, 446 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 178 आवास बने है। इस मौके पर ग्रामीणो ने बताया कि स्कूल की शाला विकास मद में एक लाख 79 हजार रुपए पड़े है लेकिन फिर भी स्कूल की हालत सुधारने की दिशा में कोई काम नहीं किए गए। पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव ने ग्रामीणों की स्कूल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल इस दिशा में प्रयास करने का भरोसा दिया।

### कल से शुरू होगी 30 दिवसीय अभिनय कार्यशाला

**छतरपुर, देशबन्धु।** बुंदेली रंग मंच आर्ट एंड कल्चर सोसायटी द्वारा शहर के गांधी आश्रम में कल यानि कि 10 अगस्त से 10 सितंबर तक 30 दिवसीय अभिनय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यशाला में मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के लखन अहिरवार द्वारा सहभागियों को अभिनय की बारीकियां सिखाई जाएंगी। लखन अहिरवार ने बताया है कि गांधी आश्रम में प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक सहभागीयों को इंप्रोवाइजेशन, इमोंशन, फेस एक्सप्रेशन, चरित्र निर्माण, फोक म्यूजिक, कैमरा एक्टिंग और कैमरा फेसिंग की बिंदुवार जानकारी दी जएगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में भाग लेने के लिए सहभागी एक हजार रुपए का शुल्क देकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# सौगात लेकर लौटा कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि मण्डल

**छतरपुर, देशबन्धु।** मानस भवन गुना में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्य समिति एवं कार्यकारणी की बैठक एवं रमेशचन्द्र शर्मा को मध्यप्रदेश शासन द्वारा कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिये जाने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, इस आयोजन में जिला छतरपुर से प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह, संभागीय उपाध्यक्ष बी.के. जैन जिला अध्यक्ष जी.डी सौनकिया जिला सचिव जितेन्द्र गौर के साथ जिला उपाध्यक्ष आषीष शुक्ला सहित पांच सदस्यी प्रतिनिधि मण्डल शामिल हुआ कार्यक्रम में प्रतिनिधि मण्डल द्वारा प्रमुख रूप से अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दिये जाने, पुरानी पेंषन योजना बहाल किये जाने, अनुकम्पा नियुक्ति में सरली करण किये जाने के साथ साथ लिपिक संवर्गीय कर्मचारियों के वेतनमान में सुधार करने व राज्य कर्मचारियों को कैष लैष बीमा एवं स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान किये जाने के बारे में मान्नीय मुख्यमंत्री से अतिषीघ्र घोषणा एवं लाभ दिलवाये जाने की पुरजोर बकालत की जिसका प्रदेश कार्य समिति एवं प्रदेश कार्यकारणी द्वारा अनुमोदन किया गया भारतीय मजदूर संघ के अनुसांगिक संगठनों के द्वारा पुरानी पेंषन बहाली के लिए 22 नवम्बर को एम.पी.एस. आने बाले कर्मचारियों अधिक से अधिक संख्या में जन्तर मन्तर दिल्ली पर होने बाले राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की इस कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय मजदूर संघ एवं राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी संघ के द्वारा किया जावेगा, जिला इकाई के द्वारा 20 नवम्बर के कार्यक्रम हेतु विद्यालयों एवं कार्यालयों में सघन जन संपर्क किया जायगा।

# पदयात्रा के समापन पर उमड़ा समर्थकों का सैलाब



**छतरपुर, देशबन्धु।** 702 किमी की लंबी पदयात्रा करते हुए कांग्रेस के युवा विधायक नीरज दीक्षित मंगलवार को अपने सैकड़ों समर्थकों सहित नौगांव पहुंचे जहां तहसील के सामने आमसभा का आयोजन किया गया। इस आमसभा में कमलनाथ सरकार के पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी, राजनगर विधायक कुं. विक्रम सिंह नातीराजा, चित्रकूट विधायक नीलांशु चतुर्वेदी, कांग्रेस प्रभारी रूद्रप्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष लखन पटेल ने क्षेत्रीय जनता को संबोधित कर भाजपा सरकार की जमकर आलोचना की। कांग्रेसी पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा न कभी राम की थी और न है यह सिर्फ दिखावा कर जनता को गुमराह करती है। 18 वर्षों बाद भाजपा के घोषणावीर मुख्यमंत्री को लाड़ली बहनों की याद आई। कांग्रेस नेताओं ने जनता को आगाह करते हुए कहा कि अब भाजपा के बहकावे में नहीं पडऩा है।

कांग्रेस को पिछले चुनावों में स्पष्ट बहुमत मिला था लेकिन भाजपा ने छल कर सत्ता हथिया ली थी अब ऐसी छलपूर्ण सरकार को सबक सिखाने के लिए एकजुट हो जाएं। आमसभा में छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने अपने संबोधन से जनता के बीच जोश भरा तो वहीं चित्रकूट विधायक नीलांशु चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह कभी नहीं करती।

यदि ऐसा होता तो चित्रकूट में राम पथ गमन की घोषणा पूरी हो जाती। उन्होंने आमजनता को कामतानाथ भगवान के जयकारे लगवाकर कांग्रेस का साथ देने का आव्हान किया। पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने कांग्रेस की नीति और रीति से अवगत कराकर भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किए।

### अवैध उत्खनन और ब्लास्टिंग की कलेक्टर से शिकायत

**गौरिहार, देशबन्धु।** लवकुशनगर अनुविभाग की ग्राम पंचायत दिदवारा में की जा रही ट्रक को चोरी एवं सडक़ की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। मंगलवार को करीब एक सैकड़ा ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने अवैध उत्खनन, ब्लास्टिंग, ओवरलोड वाहनों की आवाजाही और सडक़ों की समस्या का उल्लेख कर आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि खुली पड़ी खदानों में लगातार हादसे हो रहे हैं और खराब पड़ी सडक़ों पर उड़ रहे धूल के गुबार से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। पिछले दिनों खुली पड़ी खदानों में नियमानुसार तार फैंसिंग न होने के कारण हुई दो बच्चों की मृत्यु के



मामले में कोई कार्यवाही न होने का भी उल्लेख किया गया है।

ग्रामीणों की मानें तो जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण करने जाते हैं तो और खदान संचालकों से मोटी रकम लेकर बिना कार्यवाही के वापिस लौट जाते हैं। पूर्व में लवकुशनगर अनुविभागीय अधिकारी को भी ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

ग्रामीणों का आवेदन लेकर कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि आपसे मिली समस्त जानकारी अनुविभागीय अधिकारी को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी की यूथ विंग के जिलाध्यक्ष मनु चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास, समाजसेवी कुंवर चौरसिया, वीरपाल यादव, हरगोविंद चौरसिया, सरपंच श्रीमती रामकुमारी चौरसिया, राजू चौरसिया, खेमचंद्र चौरसिया, सुनील चौरसिया, ब्रजेश कुशवाहा, संदीप अहिरवार, प्रताप सिंह, सुरेन्द्र चौरसिया सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### आज विश्व आदिवासी दिवस पर होगी महापंचायत

**बिजावर, देशबन्धु।** आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर किशनगढ़ में आदिवासी महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक बहादुर आदिवासी, बृजलाल सौंर, भागवत गौंड, किशुनदयाल आदिवासी ने आयोजन का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए बताया कि महापंचायत में आदिवासियों के हितों को लेकर आवश्यक चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही आदिवासी संगठन के साथ केन-बेतवा लिंक परियोजना के नाम पर आदिवासियों से छीनी जा रही जमीन, उनके साथ हो रहे अन्याय, शोषण और अन्य समस्याओं पर भी चर्चा होगी।

### अव्यवस्थाओं का अस्पताल

# गुटखा की पीक से रंग गईं दीवारें



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला अस्पताल प्रबंधन के तमाम प्रयासों के बावजूद परिसर में धूम्रपान पर रोक नहीं लग पा रही है। अस्पताल आने वाले कुछ लापरवाह लोगों द्वारा गुटखा का सेवन कर दीवारों सहित अन्य स्थानों पर थूका जा रहा है, यही कारण है कि अस्पताल परिसर की दीवारें लाल दिखाई दे रही हैं। अस्पताल की चौथी और पांचवीं मंजिलों पर भर्ती मरीजों के परिजन गुटखा खाने के बाद ऊंचाई से थूकते हैं, जिससे ऊपर से लेकर नीचे तक दीवारें खराब हो रही है, इसके साथ ही गंदगी का माहौल निर्मित हो रहा है। पिछले दिनों कलेक्टर के निर्देश पर अस्पताल में आने वाले लोगों की जांच कर उन्हें प्रवेश देने की प्रक्रिया शुरू की गई थी जिससे हालात में सुधार हुआ था लेकिन अब यह प्रक्रिया फिर से बंद हो गई है, जिस कारण से हालात पुन: पहले जैसे हो गए हैं। जब कभी अधिकारी दौरा करते हैं तो दीवारों को साफ करा दिया जाता है, धूम्रपान करने वालों पर कार्यवाही न होने के चलते कुछ ही दिनों दीवरें फिर गंदी नजर आने लगती हैं।

**अव्यवस्थित पार्किंग से लोगों को हो रही परेशानी :** वहीं दूसरी ओर अस्पताल के बाहर अव्यवस्थित पार्किंग होने से भी आने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है। बताया जा रहा है कि पार्किंग का ठेका रद्द किए जाने के बाद से यह समस्या सामने आ रही है। दरअसल अब पार्किंग की व्यवस्था कराने के लिए कोई कर्मचारी नहीं रहता, जिससे यहां आने वाले लोग अपने वाहनों को अव्यवस्थित ढंग से खड़ा कर देते हैं और लोगों तथा गंभीर मरीजों को अस्पताल लाने ले जाने में भारी परेशानी होती है। बताया गया है कि पार्किंग व्यवस्था के लिए अस्पताल प्रबंधन ने दो गार्ड नियुक्त किए हैं लेकिन वे भी ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। अस्पताल के द्वार पर बने रैंप के आसपास भी लोग वाहन खड़े कर देते हैं जिससे स्ट्रैचर पर आने वाले मरीजों को लाने-जाने में परेशानी होती है।

# विकास पर्व : विधायक ने 1 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

*__बिजावर, देशबन्धु।__ प्रदेश सरकार द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश में मनाए जा रहे विकास पर्व के तहत बिजावर नगर को 1 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात मिली है। मंगलवार को विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने नगर परिषद बिजावर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस मौके पर एसडीएम राकेश शुक्ला, उपयंत्री पुरुषोत्तम प्रजापति के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, लाडली बहनें, समाजसेवी, व्यापारी, भाजपा के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता एवं नगर परिषद का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।*



*प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में विधायक श्री शुक्ला ने नगर के वार्ड क्रमांक 1 में रामनिवास मंदिर के पास 5.98 लाख की लागत से बने स्वागत द्वार का लोकार्पण, मंशापूर्ण मंदिर के पास 4.57 लाख की लागत से बने स्वागत द्वार का लोकार्पण, छतरपुर रोड पर 18.3 लाख की लागत से बने स्वागत द्वार का लोकार्पण, वार्ड क्रमांक 15 में जटाशंकर रोड पर 17.67 लाख से बने स्वागत द्वार का लोकार्पण किया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 2 में चबूतरा से गौंड़ बाबा मंदिर तक 42.12 लाख की लागत से बननी वाली सीसी रोड का भूमि पूजन और वार्ड क्रमांक 5 में प्रेम साहू के घर से भग्गू रैकवार के घर तक 12.18 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन भी विधायक के द्वारा किया गया। नवीन विकासकार्यों का भूमि पूजन करने के उपरांत विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य करने के निर्देश भी दिए हैं।*

*__सेन समाज द्वारा निर्धारित स्थान पर विधायक बनवाएंगे धर्मशाला :__ मंगलवार को नगर में सेन समाज द्वारा समाज के मेधावी बच्चों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ऐसे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं में 60 फीसदी अथवा इससे अधिक अंक अर्जित किए हैं। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक राजेश शुक्ला बबलू रहे।*

*इस मौके पर विधायक ने समाज की पहल की सराहना की और यह घोषणा की समाज द्वारा निर्धारित किए गए स्थान पर वे समाज के लिए नवीन धर्मशाला का निर्माण कराएंगे। वहीं सेन समाज ने विगत 5 वर्षों में विधायक द्वारा किए गए सहयोग के प्रति उनका आभार भी जताया। इसके अलावा विधायक श्री शुक्ला ने मधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।*

सागर, बुधवार 9 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मणिपुर को न्याय मिलेगा?

पिछले कुछ माह से उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर में हिंसा और उत्पीड़न के शिकार हुए लोगों के दर्द की अनेक कहानियां सामने आने लगी हैं परन्तु उन्हें न्याय मिलेगा या नहीं, इसके बारे में कोई भी निश्चिंत नहीं है। उसका कारण है केन्द्र व उस राज्य की सरकार की चुप्पी और वहां की स्थिति को छिपाने की निर्लज्ज कोशिशें। मई के पहले हफ्ते में हुई उस घटना के वीडियो वायरल होने के बाद देश-दुनिया में तो भारत की किरकिरी हुई ही, हर भारतीय का सिर शर्म से झुक गया जिसमें दो कुकी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाते हुए दिखाया गया है। उनमें से एक का सामूहिक बलात्कार भी हुआ। जुलाई में इस घटना के उजागर होने के बाद भी डबल इंजन की सरकार तो चुप रही परन्तु सुप्रीम कोर्ट सामने आया और उसने स्वत: संज्ञान लेकर दोनों ही सरकारों से सवाल किये।

इसके बाद भी सरकारों के मौन रहने के बाद लोगों को इस बात की कोई उम्मीद नहीं थी कि मणिपुर के पीड़ितों को न्याय मिल पायेगा क्योंकि वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को यह कहने में तनिक भी संकोच नहीं हुआ कि 'ऐसी सैकड़ों घटनाएं उनके राज्य में घट रही हैं।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वहां के लोगों से मिलकर उनके दुख-दर्द सुनने, उनके घावों पर मरहम लगाने और शांति बहाली की ज़रूरत महसूस तक नहीं हुई। मणिपुर को उसके हाल पर छोड़कर पीएम देश के भीतर चुनावी मोड में बने रहे या विदेश यात्राएं करते रहे।

संसद के मानसूत्र सत्र के ठीक पहले उन्हें इसलिये यह संक्षिप्त बयान देना पड़ गया कि वे मणिपुर की घटनाओं से क्रोध व पीड़ा से भर गये हैं. क्योंकि उसी सुबह सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर दोनों सरकारों को चेतावनी दे दी थी कि अगर वे कुछ नहीं कर सकतीं तो शीर्ष न्यायालय आवश्यक कार्रवाई करेगा। मोदी ने अपनी पीड़ा और क्रोध का इज़हार तो किया लेकिन सरकार क्या कर रही है इसके बारे में वे मौन रहे। संसद के भीतर भी उन्होंने कोई अधिकृत वक्तव्य नहीं दिया। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि राज्य सरकार को उनके क्या निर्देश हैं और केन्द्र सरकार इस पर क्या करने जा रही है। कुछ माह पहले ही, यानी हिंसा व साम्प्रदायिक दंगों के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मणिपुर का दौरा कर आये थे और अधिकारियों की बैठक कर चुके थे। उन्होंने भी देश को वहां की वस्तुस्थिति से अवगत कराना मुनासिब नहीं समझा। जहां तक बीरेन सिंह की बात है, वे तो बता ही चुके थे कि ऐसी घटनाएं बड़े पैमाने पर हुई हैं। अलबत्ता उन्होंने अपने समर्थकों के बीच इस्तीफा देने का नाटक ज़रूर किया था। जो हो, राज्य सरकार और केन्द्र की उदासीनता व मामले को सम्हाल न पाने का दुष्परिणाम यह हुआ कि मणिपुर की हिंसा की आग से समीपवर्ती राज्य मिजोरम व असम के कुछ हिस्से भी झुलसने लग गये हैं। फिर भी भारतीय जनता पार्टी प्रणीत सरकारों के कानों पर जूं तक न रेंगी और भाजपा व उनके नेता कोई ठोस व रचनात्मक पहल करने की बजाय इन घटनाओं का कांग्रेस कनेक्शन ढूंढ़ने में व्यस्त रहे।

मणिपुर की हिंसा तथा वहां बड़े पैमाने पर हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन पर धीरे-धीरे बातें सामने आने लगीं। पता चला कि मणिपुर में हिंसा की छह हजार से अधिक घटनाएं हुई हैं और उसके मुकाबले गिरफ्तारियों की संख्या शर्मनाक रूप से काफी कम है जो राज्य सरकार की विफलता और हिंसा को रोकने की इच्छा शक्ति के अभाव को बतलाता है। राज्य व केन्द्र सरकारें चाहे मणिपुर की घटनाओं की गम्भीरता को लेकर संजीदा न रही हों परन्तु सुप्रीम कोर्ट को इसका आभास ज़रूर हो गया है। सोमवार को उसने जांच और कानून के शासन में लोगों का भरोसा लौटाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये। जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश शालिनी जोशी एवं दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस आशा मेनन अन्य सदस्य होंगी। इन जजों की समिति को राहत शिविरों को भी देखने के लिये कहा गया है। उम्मीद है कि इससे लोगों का कानून के राज में विश्वास लौटेगा और उनकी हिम्मत बंधेगी। यौन प्रताड़ना के 11 मामले सीबीआई को सौंपने के निर्णय पर भी सर्वोच्च अदालत ने मुहर लगाई लेकिन यह भी निर्देश दिये हैं कि इसके लिये हिन्दी भाषी राज्यों से प्रतिनियुक्ति पर उप पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी लाए जायें जो जांच की निगरानी करेंगे। इसके साथ ही जिन मामलों को सीबीआई को नहीं सौंपा गया है उनकी जांच 42 विशेष जांच टीमें (एसआईटी) करेंगी। एक छोटे से राज्य में इतनी बड़ी संख्या में एसआईटी का गठन हिंसा की विभीषिका और दायरा बतलाने के लिये काफी है।

दूसरी तरफ मणिपुर में हिंसा व उत्पीड़न रोकने में मिली विफलता के आधार पर ही लोकसभा में मोदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को चर्चा शुरु हुई जो गुरुवार तक जारी रहेगी और उसका समापन प्रधानमंत्री मोदी के जवाब के साथ होगा। देखना तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अलावा मोदी मणिपुर की जनता को न्याय दिलाने के लिये किन उपायों की घोषणा करते हैं; या ऐसा तो नहीं कि वे अब तक के अपने ट्रैक रिकार्ड को कायम रखते हुए इस बेहद संवेदनशील मामले का भी राजनीतिकरण कर उन सभी को निराश करते हैं जो भाजपा की हिंसक व विभाजनकारी नीति के चलते पीड़ा झेल रही मणिपुर की अवाम की तरह ही व्यथित हैं।

# 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' की याद में

■ अरुण कुमार डनायक

जब महात्मा गांधी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ों' का आह्वान किया था तब भारत के राजनैतिक क्षितिज पर कैसा परिदृश्य था, इस पर विचार करना चाहिए। देश में हिन्दू-मुस्लिम तनाव चरम पर था। 'मुस्लिम लीग' ने पाकिस्तान बनाने का ध्येय 1940 के अंत में घोषित कर दिया था। सावरकर के नेतृत्व में हिन्दू कट्टरपंथियों का एक धड़ा, जिसका प्रभाव बंगाल और सिंध में था, 'दो राष्ट्र के सिद्धांत' से सहमत था और 'द्वितीय विश्वयुद्ध' में ब्रिटेन का साथ देने सेना में भर्ती अभियान चला रहा था। संघ का विश्वास गांधीजी के अहिंसक अस्त्रों- सत्याग्रह, उपवास, रचनात्मक कार्यक्रम में नहीं था।

अंग्रेजी हुकूमत ने सितंबर 1939 में 'द्वितीय विश्वयुद्ध' के बादलों के मंडराते ही भारतीय नेताओं से परामर्श किए बगैर देश को युद्ध में शामिल कर दिया था। कांग्रेस इसके खिलाफ थी। वह चाहती थी कि अंग्रेजी हुकूमत युद्ध और शांति के अपने उद्देश्यों को, विशेष रूप से भारत के संदर्भ में स्पष्ट करे। इस पर वायसराय ने गोल-मोल जवाब दिया। कांग्रेस कार्यसमिति इससे संतुष्ट नहीं थी, फिर भी उसने देश के नागरिकों से सविनय अवज्ञा भंग जैसे कदम जल्दबाजी में नहीं उठाने का आग्रह किया।

युद्ध के समय कांग्रेस असमंजस में भी थी। उसकी सहानुभूति ब्रिटेन जैसे 'मित्र राष्ट्रों' के साथ थी और वह युद्ध प्रयत्नों में बाधा नहीं डालना चाहती थी। दूसरी ओर, गांधीजी युद्ध के ही खिलाफ थे। वे अहिंसा के अपने मूल सिद्धांत को त्यागने के लिए तैयार नहीं थे। गांधीजी ब्रिटिश हुकूमत को सशस्त्र और हिंसात्मक युद्ध में व्यवहारिक सहायता देने के पक्ष में नहीं थे, लेकिन वे नैतिक समर्थन देने के पक्ष में थे। आम जनता में अंग्रेजी हुकूमत के प्रति गुस्सा तो था, पर वह सरकार का विरोध करने के मूड में भी नहीं थी।

कांग्रेस और गांधीजी में 'असहयोग आंदोलन' शुरू करने को लेकर भी तीव्र मतभेद थे। कांग्रेस ने गांधीजी की सलाह के विरुद्ध, अंग्रेज हुकूमत से, युद्ध के बाद स्वतंत्रता दिए जाने के आश्वासन पर सशर्त सहयोग का प्रस्ताव रखा, लेकिन जब बात नहीं बनी तो वह पुन: गांधीजी की शरण में मार्गदर्शन के लिये आ गई। गांधीजी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू किया और विनोबा भावे की गिरफ्तारी 'प्रथम सत्याग्रही' के रूप में 21 अक्टूबर 1940 को हुई। सभी सत्याग्रहियों को सरकार ने गिरफ्तार तो किया, पर जैसे ही जापान ने लड़ाई में हिस्सा लिया और उसकी जीत का सिलसिला शुरू हुआ तो सत्याग्रही जेल से छोड़ दिए गए।

युद्ध-भूमि में जापानी हवाई जहाज भारतीय सीमा के आसपास चेन्नई से बंगाल तक मंडरा रहे थे। यह स्थिति सरकार और कांग्रेस के लिए चिंता का विषय थी। अन्तराष्ट्रीय जगत, खासकर अमेरिका के अखबारों में ब्रिटेन की भारत-नीति की कटु आलोचना हो रही थी। तभी 1942 में ब्रिटिश सरकार ने सर क्रिप्स के नेतृत्व में वार्ताकारों का एक दल भारत में कांग्रेस व मुस्लिम लीग के नेताओं से बातचीत के लिए भेजा। कांग्रेस को 'क्रिप्स मिशन' के प्रस्ताव स्वीकार नहीं थे क्योंकि इसमें भारतीयों को तत्काल उत्तरदायित्व सौंपने को लेकर कोई विचार नहीं था। गांधी जी ने 'क्रिप्स मिशन' को 'दिवालिया बैंक का पोस्ट डेटेड चेक' कहा था।

> **यह आंदोलन अपने तात्कालिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हुआ। सरकार ने अत्यधिक बल प्रयोग कर आंदोलन को तो दबा दिया, पर वह जन भावनाओं को दबाने में सफल नहीं हो पाई। इस आन्दोलन से उत्पन्न चेतना के परिणामस्वरूप ही 1946 में जलसेना (नेवी) का विद्रोह हुआ, जिसने भारत में ब्रिटिश शासन पर भयंकर चोट की। इस आन्दोलन तथा कुछ अन्य तत्वों के परिणामस्वरूप ही युद्ध के बाद अमेरिका तथा इंग्लैण्ड में भारत के पक्ष में इतना अधिक लोकमत बना कि इंग्लैण्ड को विवश होकर भारत छोड़ना पड़ा।**

जब जापान तेजी से आगे बढ़ रहा था, अंग्रेज फौज देश की सीमाओं की सुरक्षा कर पाने में असमर्थ थी। सीमावर्ती इलाकों को जबरदस्ती खाली कराया जा रहा था। गांधीजी ने यह महसूस किया कि यदि जापानी सेना भारत में घुस आती है तो अंग्रेजों से त्रस्त जनता उन्हें अपना मुक्तिदाता मान बैठेगी और भारत अंग्रेजों की दासता से मुक्त होकर जापानियों का गुलाम बन जाएगा। गांधीजी के अनुसार अंग्रेजों के पास एक ही सम्मानजनक रास्ता बचा था-वे शांतिपूर्वक भारत को जनता के भरोसे छोड़कर चले जाएं, जनता स्वयं जापानियों से मुकाबला कर लेगी।

ऐसी परिस्थितियों में एक बार फिर कांग्रेस कार्यसमिति सक्रिय हुई और उसकी बैठक 27 अप्रैल 1942 को इलाहाबाद में गांधीजी की अनुपस्थिति में हुई। मीरा बहन की मार्फत गांधीजी द्वारा भेजा गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। कांग्रेस कार्यसमिति की 7 जुलाई 1942 को वर्धा में आयोजित बैठक में गांधीजी ने पुन: पूर्ण स्वतंत्रता की मांग को दोहराया और बहुत मुश्किल से कार्यसमिति के सदस्यों को वे 'अंग्रेज भारत छोड़कर चले जाएं' की मांग मनवाने में सफल हुए। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मानना था कि अव्वल तो अंग्रेज आसानी से भारत छोड़कर जाने वाले नहीं हैं और इस वक्त अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सत्याग्रह शुरू करने से भारत 'मित्र राष्ट्रों' की सहानुभूति खो देगा।

गांधीजी अपने अकाट्य तर्कों से नेहरूजी सहित सभी नेताओं को यह समझाने में सफल हुए कि उनके प्रस्ताव से ही साम्राज्यवादी हठधर्मी का, जो भारत को कठिन परिस्थितियों में जापान के हवाले कर देना चाहती है, मुकाबला किया जा सकता है। अंतत: कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से एक बार फिर अपने प्रिय नेता महात्मा गांधी का 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। सेवाग्राम में पारित प्रस्ताव के अनुरूप सात व आठ अगस्त को मुंबई में कांग्रेस महासमिति की बैठक हुई। महासमिति ने भारत की स्वतंत्रता को फौरन स्वीकार करने, एशिया तथा अफ्रीका की जनता को साम्राज्यवादी दासता से मुक्त करने, विभिन्न दलों के सहयोग से अस्थायी सरकार की स्थापना आदि प्रस्तावों को मंजूरी दी। गांधीजी ने जनता से 'करो या मरो' का आह्वान किया। दूसरे दिन पौ फटते तक गांधीजी सहित कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता गिरफ्तार कर लिए गए।

'भारत छोड़ो आन्दोलन' को कुचल देने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। नेताओं की गिरफ्तारी से जनता में विद्रोह की भावना भड़क उठी, देश भर में लगभग एक सप्ताह तक आम हड़ताल कर सारा कारोबार ठप्प कर दिया गया।

जनता भी नेतृत्वविहीन होने के बावजूद आंदोलन को सक्रियता से चला रही थी। अहिंसक सत्याग्रहियों पर पुलिस ने बहुत जुल्म ढाए, जेल में बंदकर उन्हें यातनाएं दी गई, स्त्रियों के साथ बलात्कार किए गए। महादेव देसाई और कस्तूरबा गांधी की जेल में मृत्यु हो गई। भारत मंत्री ने स्वीकार किया कि चार माह के अंदर ही हजार से ऊपर व्यक्ति पुलिस की गोली का शिकार हुए, लगभग चार हजार लोग पुलिस की मार से गंभीर रूप से घायल हुए।

पुलिस के आतंक ने प्रतिहिंसा को जन्म दिया। बड़े कांग्रेसी नेताओं के गिरफ्तार हो जाने और पुलिसिया आतंक के बावजूद यह आंदोलन डेढ़ वर्ष तक चलता रहा। भारत छोड़ो आन्दोलन अपने मूल लक्ष्य भारत से ब्रिटिश शासन की समाप्ति को तात्कालिक रूप से प्राप्त नहीं कर सका, लेकिन इस आन्दोलन ने भारत की जनता में एक ऐसी अपूर्व जागृति उत्पन्न कर दी जिससे ब्रिटेन के लिए भारत पर लम्बे समय तक शासन कर सकना सम्भव नहीं रहा।

यह तो नहीं कहा जा सकता कि यह आंदोलन अपने तात्कालिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हुआ। सरकार ने अत्यधिक बल प्रयोग कर आंदोलन को तो दबा दिया, पर वह जन भावनाओं को दबाने में सफल नहीं हो पाई। इस आन्दोलन से उत्पन्न चेतना के परिणामस्वरूप ही 1946 में जलसेना (नेवी) का विद्रोह हुआ, जिसने भारत में ब्रिटिश शासन पर भयंकर चोट की। इस आन्दोलन तथा कुछ अन्य तत्वों के परिणामस्वरूप ही युद्ध के बाद अमेरिका तथा इंग्लैण्ड में भारत के पक्ष में इतना अधिक लोकमत बना कि इंग्लैण्ड को विवश होकर भारत छोड़ना पड़ा। इस प्रकार यह निश्चित तथ्य है कि भारत छोड़ो आन्दोलन ने भारतीय स्वतन्त्रता के लिए पृष्ठभूमि तैयार की।

**(लेखक व सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)**

# बहुसंख्यकवादी राजनैतिक एजेंडा और भारतीय मुसलमान

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पार्टी की जो नई राष्ट्रीय कार्यकारणी घोषित की है, उसमें एक जाने माने पसमांदा मुसलमान, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के पूर्व कुलपति तारिक मंसूर को तेरह उपाध्यक्षों में से एक नियुक्त किया गया है। भाजपा की केरल इकाई के एक नेता पी. अब्दुल कुट्टी, जो पिछली कार्यकारिणी के सदस्य थे, को भी पुनर्नियुक्ति दी गई है। इस समय भाजपा का फोकस राष्ट्रीय स्तर पर पसमांदा मुसलमानों को महत्व देने पर है। पसमांदा सबसे पिछड़े मुसलमान है, जिनमें से अधिकांश दलित या ओबीसी हैं। वे समाज और मुस्लिम समुदाय में सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से सबसे निचले पायदान पर हैं।

भाजपा अलग-अलग दौर में मुसलमानों के विशिष्ट तबकों में अपनी पैठ बनाने का प्रयास करती रही है। इस समय, पार्टी का एक भी सांसद मुसलमान नहीं है परन्तु पूर्व में उसने मुसलमानों को राज्यपाल (सिकंदर बख्त) और केंद्रीय मंत्री (शाहनवाज हुसैन और मुख्तार अब्बास नकवी) नियुक्त किया है। मोदी हाल में एक बोहरा मस्जिद में पहुंचे जहां उन्होंने घोषणा की कि बोहरा उनकी परिवार का हिस्सा हैं। वे समय-समय पर अजमेर में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर भी चढ़ाते रहे हैं।



राम पुनियानी

> **किसी भी राजनैतिक संगठन, भले ही वह खुद को सांस्कृतिक संगठन बताता हो, के दावे का सच इससे जाहिर होता कि वह और उसके साथी संगठन किस तरह की राजनीति करते हैं और कौन से मुद्दे उठाते हैं। भागवत स्वयं भी गौमांस और गौमाता का मसला उठाते रहे हैं। पिछले कुछ दशकों में यह एक भावनात्मक मुद्दा बन गया और इसके चलते न केवल मुसलमानों को अत्याचार और दमन का शिकार होना पड़ रहा है।**

पिछले कुछ समय से भाजपा पसमांदा मुसलमानों को लुभाने में लगी हुई है। इस साल, उत्तर प्रदेश में स्थानीय संस्थाओं के चुनाव में उसने कुछ पसमांदा मुसलमानों को अपना प्रत्याशी बनाया था और उनमें से कुछ चुनाव जीते भी हैं। सन् 2022 की जुलाई में भाजपा की एक अहम बैठक हैदराबाद में हुई थी। उसमें मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा था कि वे पसमांदा मुसलमानों में अपनी पैठ बनाएं। उन्होंने यह भी कहा था कि मुस्लिम समुदाय एकसार नहीं है और पसमांदा, मुसलमानों का पिछड़ा तबका है। तभी से पसमांदा मुसलमानों को पार्टी की छतरी तले लाने के प्रयास चल रहे हैं।

भाजपा इस समुदाय को लुभाने के लिए यह कह रही है कि मोदी की नीतियां किसी धर्म के लोगों के साथ भेदभाव नहीं करतीं और पसमांदा मुसलमान भी मोदी सरकार की 'विकास योजनाओं' के उतने ही 'लाभार्थी' हैं जितने अन्य समुदाय। इस बीच कई जाने माने मुसलमानों, जिनमें पूर्व उप-राज्यपाल नजीब जंग, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वाई. कुरैशी, जनरल ज़मीरुद्दीन शाह, शाहिद सिद्दिकी और सईद शेरवानी शामिल थे, ने आरएसएस मुखिया मोहन भागवत को एक चिट्ठी लिखकर उनसे 'मेलमिलाप संवाद' के लिए समय मांगा। एक महीने के इंतजार के बाद उन्हें संघ प्रमुख के दरबार में आने की इज़ाजत मिली।

इन प्रमुख मुसलमानों ने भागवत से 'मुस्लिम समुदाय के प्रति बढ़ती नफरत' और उनके साथ 'बुलडोज़र न्याय' पर बात की। यह भी कहा कि मुसलमानों को जिहादी और पाकिस्तानी कहा जाता है। भागवत का जवाब था कि हिन्दू भी गौहत्या और उन्हें काफिर कहे जाने से आहत महसूस करते हैं। इस 'संवाद' के बाद, आरएसएस के प्रमुख नेताओं, जिनमें मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुखिया इन्द्रेश कुमार, कृष्ण गोपाल और रामलाल शामिल थे, ने 22 सितम्बर 2022 को आल इंडिया इमाम आर्गेनाइजेशन के मुख्य इमाम उमर अहमद इल्यासी से मुलाकात की। इल्यासी ने उम्मीद जाहिर की कि इस बातचीत से सांप्रदायिक सौहार्द्र में वृद्धि होगी।

इन संवादों का भारतीय राजनीति पर क्या असर पड़ा है? यह महत्वपूर्ण है क्योंकि भारतीय राजनीति की दशा और दिशा मुस्लिम अल्पसंख्यकों को प्रभावित करती है। संघ परिवार के कई लेखक जिनमें राम माधव और पूर्व भाजपा नेता सुधीन्द्र कुलकर्णी शामिल है, ने सितम्बर 2018 में दिल्ली के विज्ञान भवन में भागवत के तीन व्याख्यानों के बाद तर्क दिया था कि आरएसएस बदल रहा है। भागवत ने कहा था कि हिन्दुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है, मुसलमानों के बिना हिंदुत्व अधूरा है आदि, आदि।

सच क्या है? सच यह है कि किसी भी राजनैतिक संगठन, भले ही वह खुद को सांस्कृतिक संगठन बताता हो, के दावे का सच इससे जाहिर होता कि वह और उसके साथी संगठन किस तरह की राजनीति करते हैं और कौन से मुद्दे उठाते हैं। भागवत स्वयं भी गौमांस और गौमाता का मसला उठाते रहे हैं। पिछले कुछ दशकों में यह एक भावनात्मक मुद्दा बन गया और इसके चलते न केवल मुसलमानों को अत्याचार और दमन का शिकार होना पड़ रहा है वरन ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी पटरी से उतर गई है। ऐसा क्यों है कि बीफ को हिंदी पट्टी में तो मुद्दा बनाया जा रहा है पर केरल, पूर्वोत्तर और गोवा में नहीं? ऐसा क्यों है कि किरण रिजुजू जैसे नेता खुलकर कहते हैं कि बीफ उनके खानपान का हिस्सा है? और ऐसा क्यों है कि अटलबिहारी वाजपेयी जैसे शीर्ष नेता बीफ खा सकते हैं?

सच यह है कि नफरत की राजनीति के सबसे बड़े शिकार पसमांदा ही हैं। अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों के खिलाफ नफरत संघ की शाखाओं और शिशु मंदिरों और भाजपा के आईटी सेल द्वारा फैलाई जा रही है। नफरत से हिंसा फैलती है, हिंसा से ध्रुवीकरण होता है और ध्रुवीकरण के कारण मुसलमान अपने-अपने मोहल्लों में सिमटते जा रहे हैं। पसमांदा मुसलमान साम्प्रदायिक हिंसा से सबसे अधिक पीड़ित हैं।

पिछले कुछ समय से बुलडोजर भी न्याय करने लगे हैं। संघ और भाजपा के प्रवक्ता कहते हैं कि जो कुछ हो रहा है वह कानून के मुताबिक है। जाहिर है कि यह सच नहीं है। इसके अलावा संघ का शीर्षतम नेतृत्व यह प्रचार कर रहा है कि मुसलमान बहुसंख्यक बन जाएंगे। हम सबको याद है कि कुरैशी ने अपनी पुस्तक 'पापुलेशन मिथ' मोहन भागवत को भेंट की थी। इसमें इस मिथक को तर्कसंगत ढंग से गलत सिद्ध किया गया। कुछ समय पहले भागवत ने भी अपरोक्ष रूप से यह कहा था कि देश की मुस्लिम आबादी अन्य समुदायों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है।

नफरत फैलाने के नए-नए तरीके ढूंढ़े जा रहे हैं। कोरोना जेहाद की बातें हुई हैं और अब टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए भी मुसलमानों को दोषी ठहराया जा रहा है। कुछ समय पहले हमें बताया गया कि मुस्लिम महिलाओं के साथ न्याय करने के लिए यूसीसी लागू की जाएगी। मजे की बात यह है कि यूसीसी का पहला मसविदा भी तैयार नहीं है। इसके पहले एनआरसी और सीएए के नाम पर मुसलमानों को मताधिकार से वंचित करने के प्रयास हुए थे। इसके विरोध में मुस्लिम महिलाएं सड़कों पर उतर आईं थीं और शाहीन बाग पर ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था।

इस बीच हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच की खाई को गहरा करने वाली कई फिल्में रिलीज हुई हैं जिनमें कश्मीर फाईल्स, केरला स्टोरी और 72 हूरें शामिल हैं। सरसंघचालक से लेकर प्रधानमंत्री तक ने इन फिल्मों की तारीफ की और भाजपा नेताओं ने थोक में इनके टिकट खरीदकर लोगों को दिखाईं ताकि नफरत के जहर को ज्यादा से ज्यादा फैलाया जा सके।

कुल मिलाकर संघ का मूल चरित्र वही है जो पिछले सौ सालों से रहा है। भाषा और शब्द बदल गए हैं परंतु हिन्दू राज का एजेंडा वही है। पसमांदा मुसलमानों को केवल चुनावों में लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। यह मुसलमानों को बांटने की रणनीति का हिस्सा भी है। सच यह है कि चाहे पसमांदा हो या अशरफ-सभी मुसलमान संघ और भाजपा की नीतियों के शिकार बन रहे हैं। पसमांदा मुसलमानों के प्रति सहानुभूति का प्रदर्शन एक नए प्रहसन से ज्यादा कुछ नहीं है।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)

## शांति दिवस

# मानवता के इतिहास में काला दिवस नागासाकी दिवस

9 अगस्त नागासाकी में परमाणु विस्फोट विश्व के इतिहास में 6 और 9 अगस्त 1945 का यह दिवस ऐतिहासिक रूप से मानवता के कलंक के रूप में हर वर्ष इन दोनों शहरों में परमाणु बमबारी की वर्षगांठ का प्रतीक है। नागासाकी दिवस शांति दिवस के रूप में पीड़ितों को याद करने विश्व शांति को बढ़ावा देने और अधिक युद्धों से बचने तथा परमाणु हथियारों की विनाशकारी क्षमता के महत्व के बारे में वैश्विक जागरूकता को बढ़ाने के लिए हर वर्ष मनाया जाता है। यह नागासाकी दिवस मनाना बमबारी के पीड़ितों और बच्चे लोगों के प्रति सम्मान दिखाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। यह हमें इतिहास से सीखने में सदैव सजग रखता है और यह सुनिश्चित करने के लिए भी याद किया जाता है कि ऐसी नागासाकी में 74 हजार तथा हिरोशिमा में 1,70 हजार लोगों की मौत की फिर पुनरावृत्ति न हो। अमेरिका ने पहले युद्ध में हिरोशिमा में लिटिल बॉय नमक बम से लाखों लोगों की जान ली थी इसके पश्चात 9 अगस्त को फिर नागासाकी में फैट मेंन नामक परमाणु बम विस्फोट कर 74000 लोगों की जान ले ली थी। निस्संदेह 9 अगस्त नागासाकी दिवस इतिहास के काले पन्नों पर लिखा जाएगा। मनुष्य जाति इतनी बर्बर भी हो सकती है? इसका यह एक वीभस्त उदाहरण है। 6 और 9 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा तथा नागासाकी शहर में परमाणु बम गिरकर मानवता के मध्य हैवानियत मचा दी थी। 1945 में संयुक्त राज्य अमेरिका ने हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु हमला किया था इस हमले से दोनों ही शहर पूरी तरह बर्बाद हो गए।

इस बम विस्फोट के बाद भी परमाणु हथियारों के विकिरण से फैली बीमारियों से लोगों की लगातार मौतें होती रही और पूरा विश्व देखता रहा, बम विस्फोट का असर जापान में कई वर्षों तक रहा। इसके बाद 15 अगस्त को जापान की सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया था फलस्वरुप द्वितीय युद्ध समाप्त हो गया था। लेकिन युद्ध के बाद की विभीषिका को याद करके मानव जाति अभी सिसकती कराहती रही है। 2 सितंबर 1945 को जापान की सेना के आत्मसमर्पण के बाद औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह मानवता के लिए सर्वाधिक काला दिवस ही रहा होगा। आज भी नागासाकी, हिरोशिमा में तबाही के निशान मिलते हैं। 78 साल बाद भी पैदा हुए बच्चों समेत कई लोगों में परमाणु बम विस्फोट के रेडिएशन का असर दिखाई देता है। पैदा होने वाले बच्चों में कहीं ना कहीं कोई कमी रह जाती है जिसका खामियाजा वह लोग पूरी जिंदगी उठाते हैं। वर्तमान में भी पूर्व विश्व विश्वयुद्ध की कगार पर खड़ा है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका बहुत बड़ा और ताजा उदाहरण है। ताजा ताजा घटना को ही ले लिया जाए तो रूस यूक्रेन और उत्तर कोरिया की गुप्त परमाणु संधि इस परमाणु युद्ध की ओर इशारा करती है। यह तीनों देश यूक्रेन, अमेरिका तथा नाटो देश के लिए परमाणु हथियारों के लिए कमर कस रहे यह विभीषिका कभी भी सिर उठाकर वैश्विक शांति के लिए खतरा बन सकती है।

एनोला गे नामक एक अमेरिकी युद्ध विमान से परमाणु कोड वाले बम बैटमैन को गिराया गया था जबकि नागासाकी में लिटिल मेंन नामक प्लूटोनियम बम बरसाया गया था। तब 40 सेकंड के बाद जमीन से करीबन 1550 फीट की ऊंचाई पर यह बम फटा जिसके फलस्वरूप 1 हजार से ज्यादा डिग्री सेल्सियस की उष्मा उत्पन्न हुई और इसी बम से लाखों लोगों की मौत हो गई थी।

जापान एक शांतिवादी और बगैर परमाणु वाला देश बन गया। उसके बाद रूस ,चीन, पाकिस्तान, भारत एवं अन्य देशों ने परमाणु शक्तिसंपन्न बनने का प्रयास शुरू कर दिया था। भारत द्वारा परमाणु शक्ति संपन्न होना शांति तथा आत्म रक्षार्थ हेतु बनाना बताया गया है। एकमात्र भारतीय ही ऐसा देश है जो शांति का संदेश लेकर पूरी दुनिया में लोगों से संपर्क कर शांति और समझौते की बात कर रहा है। नागासाकी तथा हिरोशिमा में मृत नागरिकों को विनम्र नमन श्रद्धांजलि। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि भविष्य में फिर से नागासाकी तथा हिरोशिमा जैसी मानवीय संवेदना को कलंकित करने वाली घटनाएं न हो।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

# वृद्धाश्रमों का बढ़ता चलन चिंताजनक

भारत भूमि के संस्कारों ने हमेशा बड़े बुजुर्गों को सम्मान दिलाया है। हमारी संस्कृति यह सिखाती है कि बड़ों की इज्जत करो और उनका कहना मानो। वृद्धावस्था में अपने मां-बाप की सेवा तथा उनकी खुशियों को पूरा करना संतान का दायित्व है। किसी अच्छे कार्य को करने से पहले या घर से बाहर सफर करने से पहले बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना हमारी परंपरा रही है। लेकिन अब सब कुछ बदल गया है क्योंकि आज बहुत सारी संतानें अपने बूढ़े मां-बाप को अपने साथ घर में रखने की जगह वृद्धाश्रम भेज रहे हैं। हालांकि भारतीय समाज में तो इस कुरीति की हमेशा निंदा की गई है।

आजकल के समय में लोग अपने आपको इतना व्यस्त बता रहे हैं कि उनके पास अपने बूढ़े मां-बाप के लिए भी समय मौजूद नहीं रह गया है। इसी भागदौड़ भरी जिंदगी में वह अपने फैसले भी खुद लेने में ज्यादा विश्वास रखते हैं। जिसके चलते वृद्ध माता-पिता से लोग बिना सलाह लिए काम करते हैं इससे आपसी रिश्तों पर बुरा असर पड़ रहा है। रिश्तों में खटास पैदा होने लगी है। रिश्ते दिन प्रतिदिन कमजोर होते जा रहे हैं। आज़ादी के नाम पर मां-बाप के साथ रहना बुरा लगने लगा है। प्राइवेसी और 'मेरी लाइफ' के नाम पर माता-पिता उन्हीं बच्चों की आंखों में खटकने लगते हैं जो कभी उनकी आंखों का तारा हुआ करते थे। धीरे-धीरे रिश्ते इतने कमजोर हो जाते हैं कि लोगों को इस समस्या का समाधान केवल वृद्धाश्रम लगने लगता है और फिर बच्चे अपने वृद्ध मां-बाप को उनके ही घर से निकाल कर वृद्ध आश्रम में छोड़ आते हैं।

कुछ तो ऐसे वृद्ध होते हैं जिन्होंने किसी दुर्घटना में अपना पूरा परिवार ही खो दिया है। इनका वृद्धाश्रम में पहुंचना तो फिर भी समझ में आता है परंतु कुछ ऐसे वृद्ध माता-पिता भी होते हैं, जिनके उनके अपने बच्चों द्वारा ही उन्हें वृद्धाश्रम में पहुंचा दिया जाता है और फिर कई साल गुजर जाने के बाद भी उन बच्चों द्वारा अपने बूढ़े माता-पिता की कोई सुध नहीं ली जाती है। यह हालात देश के किसी एक राज्य या जिला की नहीं है बल्कि देश का ऐसा कोई जिला नहीं होगा जहां वृद्ध माता-पिता को ऐसी परिस्थिति से गुज़रना नहीं पड़ता है। बात चाहे दिल्ली या मुंबई जैसे महानगर हों या पटना और नागपुर जैसे मध्यम दर्जे के शहर, ऐसे वृद्धाश्रम हर कहीं खुल गए हैं।

यूनाइटेड नेशन वर्ल्ड पापुलेशन एजिंग की रिपोर्ट के अनुसार आने वाले समय में भारत में वृद्धों की संख्या तेजी से बढ़ेगी। वर्तमान में, भारत में बुजुर्गों की संख्या कुल आबादी का 8 प्रतिशत है जो वर्ष 2050 में बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। ऐसे में क्या इन आंकड़ों से यह अनुमान लगाया जाए कि जब बुजुर्गों की तादाद बढ़ेगी तो वृद्धाश्रम की संख्या भी बढ़ेगी। क्योंकि मौजूदा समय में देश की करीब 250 जिलों में करीब 400 वृद्धाश्रम संचालित हो रहे हैं परंतु चाहे वृद्धों की संख्या कितनी भी बढ़े, एक बात तो साफ है कि वृद्ध व्यक्ति समाज के लिए संपत्ति की तरह हैं, बोझ की तरह नहीं और इस संपत्ति का लाभ उठाने का सबसे अच्छा तरीका यह होगा कि उन्हें वृद्धाश्रमों की बजाय मुख्यधारा में आत्मसात किया जाए ताकि समाज और नई पीढ़ी उनके अनुभवों का लाभ उठा सके।

**हरीश कुमार, पुंछ जम्मू**

# कलेक्टर ने की जनसुनवाई, आए 88 आवेदन




**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में 88 आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान पन्ना सहित दूर दराज क्षेत्रों के आवेदक अपनी शिकायत व समस्या लेकर पहुंचे।

कलेक्टर द्वारा प्रत्येक आवेदक की समस्याएं सुनकर निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में आवेदक मुख्यत: खाद्यान्न वितरण से संबंधित समस्याएं लेकर पहुंचे। इसके अलावा नामांतरण, सीमांकन, जमीन से अतिक्रमण हटाने, संबल कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन इत्यादि की समस्या का निराकरण मौके पर किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, नवागत डिप्टी कलेक्टर राहुल सिलाड़िया, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, जिला संयोजक आरके सतनामी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## 8 लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्वद्ध पन्ना अशोक अवस्थी द्वारा सर्पदंश एवं जहरीले कीड़े के काटने से मृत्यु होने पर मृतकों के निकटतम वारिस को चार-चार लाख रूपए कुल 8 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है। तहसीलदार पन्ना के प्रतिवेदन पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के नवीन संशोधित प्रावधान अनुसार उक्त सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। उल्लेखनीय है कि विगत 9 जुलाई को कुंजवन रोड निरपत सागर के पास गहरा निवासी अंशिका साहू उम्र 13 वर्ष की सर्पदंश से मृत्यु पर मृतिका के निकटतम वारिस पिता बल्देव साहू को चार लाख रूपए तथा मनौर निवासी कल्पना यादव उम्र 26 वर्ष की गत 13 जून को जहरीले कीड़े के काटने से मृत्यु होने पर निकटतम वारिस पिता रज्जन यादव को चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया गया स्तनपान सप्ताह



**पन्ना, देशबन्धु।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन जिले की सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में निर्धारित थीम पर किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्तनपान जागरूकता रैली का आयोजन एवं दीवार लेखन किया गया। इस दौरान बताया गया कि बच्चे को जन्म के तुरंत बाद एक घण्टे के भीतर मां का गाढ़ा पीला दूध आवश्यक रूप से पिलाना चाहिए तथा छ: माह तक केवल स्तनपान जरूरी है। छ: माह से दो वर्ष तक के बच्चों को स्तनपान के साथ-साथ हल्का आहार देना चाहिए, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जनसमुदाय को अन्य आवश्यक जानकारियां भी दी गईं।

## अनारक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना

**भोपाल, देशबन्धु।** अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में स्नातकोत्तर एवं पीचएडी उपाधि के लिए छात्रवृत्ति योजना 2023-24 के तहत आवेदन आंमत्रित किए जा रहे हैं। छात्रवृत्ति योजना में सामान्य एवं अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शासन द्वारा उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजे जाने का प्रावधान किया गया है।

### मुख्य अभियंता ने जिले का किया भ्रमण

# रैनवो पब्लिक स्कूल देवेंद्रनगर में छात्रों को किया संबोधित



**पन्ना, देशबन्धु।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड सागर के मुख्य अभियंता केएल वर्मा ने मंगलवार को जिले के देवेन्द्रनगर, पन्ना ग्रामीण, अमानगंज व सिमरिया, वितरण केन्द्र कार्यालय एवं विद्युत उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। 33/11 केव्ही उपकेन्द्र देवेन्द्रनगर से संचालित फीडरों की सप्लाई व्यवस्था की जानकारी ड्यूटी ऑपरेटर से ली गयी। उन्होंने कहा कि पात्र खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल बदला जाये एवं अपात्र खराब ट्रांसफार्मर को सम्बंधित ग्राम में कैम्प लगाकर बदला जाये। मुख्य अभियंता ने वितरण केन्द्रों में भ्रमण के दौरान सीएम हेल्पलाइन एवं 1912 में लम्बित शिकायतों का अवलोकन किया एवं निर्देशित किया कि सभी लम्बित शिकायतों का समय सीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाये एवं उपभोक्ताओं को सतत एवं गुणवत्तापूर्ण सप्लाई दी जाये साथ ही साथ उपभोक्ताओं के विद्युत बिल एवं सप्लाई की समस्याओं का संतुष्टिपूवर्क निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें एवं जनप्रतिनिधियों से लगातार संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाये। उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो उसके लिये सभी ग्रामों मे शिविर एवं सीधे उपभोक्ताओं से संवाद बनाये रखने के लिये निर्देशित किया गया एवं वितरण केन्द्र सिमरिया अंतर्गत आयोजित ग्राम पुरैना में जन समस्या निवारण शिविर में उपस्थित होकर प्राप्त हुयी उपभोक्ताओं की समस्या को समय सीमा में निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। भ्रमण के दौरान मुख्य अभियंता केएल वर्मा द्वारा केएलवी मिशन एक प्रयास के तहत देवेन्द्रनगर स्थित रैनवो पब्लिक स्कूल पहुंचकर छात्रों को संबोधित किया गया। उन्होंने छात्रों के कैरियर एवं लक्ष्य हासिल करने के लिये आवश्यक जानकारिया दी। उन्होनें बताया कि भविष्य में किसी प्रकार से आगे बढ़ना है एवं अपने तय किये हुये लक्ष्य को कैसे हासिल करना है। मुख्य अभियंता केएल वर्मा ने छात्रों को संबोधित कर कहा कि एकाग्रचित होकर पढ़ाई करें और लक्ष्य तय करके उसे हासिल करने में पूरा मन लगाये। उन्होंने केएलवी मिशन एक प्रयास के सम्बंध में जानकारी देते हुये छात्रों के मार्गदर्शन के लिये तत्पर रहने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस मिशन के माध्यम से आप सभी को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निशुल्क सहयोग प्रदान किया जायेगा। मुख्य अभियंता श्री वर्मा ने तीन माह बाद पुनरू इस प्रकार की कार्यशाला आयोजित करने का आश्वासन दिया। मुख्य अभियंता केएल वर्मा द्वारा केएलवी मिशन एक प्रयास के तहत रैनवो पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्रों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अभियंता ने छात्रों को ऊर्जा के संरक्षण और अनावश्यक खर्च को रोककर बचत करने का आवाहन किया। इस अवसर पर रैनवो पब्लिक स्कूल के प्राचार्य प्रमित अग्रवाल, स्कूल के समस्त शिक्षक, सांसद खजुराहो के निज सचिव तारेन्द्र पाठक, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता शरद श्रीवास्तव, कार्यपालन अभियंता प्रशांत वैद्य, सहायक अभियंता रत्नेश वर्मा, दिनेश कुमार अग्रवाल एवं कनिष्ट अभियंता विनोद सक्सेना कर्मचारी सहित उपस्थित रहे।

# भोपाल के सीएस अब दूसरे संस्थानों में जाकर करेंगे काम का अवलोकन




**भोपाल, देशबन्धु।** द इंस्टिट्यूट आफ कंपनी सेक्रेटरीज आफ इंडिया (आइसीएसआइ) की भोपाल शाखा द्वारा सहकर्मी समीक्षा का प्रशिक्षण कार्यक्रम का भोपाल में आयोजन किया गया। इसका प्रशिक्षण आइसीएसआइ के सदस्यों को ही दिया गया। इसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और सतना के कई सदस्य शामिल हुए।

आइसीएसआइ भोपाल शाखा के चेयरमैन सीएस प्रदीप मुटरेजा ने बताया कि सहकर्मी समीक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके मदद से विद्वान सीएस एक-दूसरे के शोध पत्रों की गुणवत्ता और सटीकता का आकलन करते हैं। प्रमुख समीक्षा अकादमिक के भीतर सबसे अधिक बार नियोजित होती है, जहां प्रमुख अकादमिक शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित होने से पहले प्रोफेसर एक - दूसरे के काम का मूल्यांकन करते हैं। यहां प्रशिक्षण हासिल करने वाल सीएस अब दूसरे संस्थानों में जाकर वहां के सीएस का सहकर्मी समीक्षा करने के लिए दावेदार हो गए हैं। यह प्रशिक्षण आइसीएसआइ में 2017 में शुरू किया गया था, लेकिन पिछले तीन वर्षों में कोरोना महामारी के चलते इसका प्रशिक्षण नियमित रूप से नहीं हो सका। चूंकि भोपाल में दो ही सहकर्मी समीक्षा विशेषज्ञ हैं इसलिए इस प्रशिक्षण की आवश्यकता पड़ी। लिहाजा यह प्रशिक्षण मध्य प्रदेश में पहली बार आयोजित किया गया।

## भोपाल के 3 हजार से ज्यादा किसान आधार से लिंक नहीं

**सरकार से नहीं मिल सकेगी राशि**

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल जिले में तीन हजार से अधिक किसानों ने अपने बैंक अकाउंट आधार से लिंक नहीं कराए हैं, जबकि एक हजार से अधिक किसानों ने ई-केवाइसी भी नहीं कराया है। ऐसे में उन्हें सरकार से राशि नहीं मिल सकेगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ ले रहे किसानों को अपना ई-केवाइसी एवं बैंक खाता आधार से लिंक करवाना अनिवार्य है, लेकिन अब भी भोपाल के 31 सौ किसानों ने आधार से लिंक और एक हजार से ज्यादा किसानों ने ई-केवायसी नहीं कराए है। लिहाजा आधार से लिंक नहीं होने की स्थिति में दोनों योजनाओं की किश्तों का भुगतान किसानों को नहीं किया जा सकेगा। भू-अभिलेख अधीक्षक दुर्गा पटले ने बताया, योजना का लाभ ले रहे सभी किसानों को अपना ई-केवाइसी और आधार नंबर बैंक खाता से लिंक कराना अनिवार्य है। ऐसा न होने की दशा में दोनों योजनाओं की किश्तों का भुगतान किसानों को नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान योजना में पात्र किसान जिनके बैंक खाते आधारकार्ड से लिंक है, उन्हें 6 हजार रुपए सालाना तीन किस्तों में सीधे हस्तांतरित की जाती है। इसी तरह मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 4 हजार रुपए सालाना दो किस्तों में दिए जाते है।

# अग्निवीर भर्ती रैली 20 अगस्त से

**भोपाल, देशबन्धु।** सेना भर्ती कार्यालय द्वारा 20 से 26 अगस्त तक लाल परेड मैदान में प्रदेश के 9 जिलों भोपाल, बैतूल, छिंदवाडा, हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, राजगढ़, सीहोर और विदिशा के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर एवं अग्निवीर ट्रेड्समैन भर्ती रैली का आयोजन होगा।

अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर, अग्निवीर ट्रेड्समैन तथा 26 अगस्त को सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक एवं सिपाही तकनीकी नर्सिंग, सहायक पशु चिकित्सा की रैली का आयोजन 20 से 25 अगस्त तक होगा । मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी, नर्सिंग सहायक एवं सिपाही तकनीकी, नर्सिंग सहायक पशु चिकित्सा की भी सेना भर्ती रैली का आयोजन साथ में किया जा रहा है।

# बीआरटीएस कारीडोर में एम्बुलेंस ने भृत्य को टक्कर मारी, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र में स्थित बीआरटीएस कॉरिडोर में सड़क पार कर रहे एक कॉलेज के भृत्य को तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद घायल को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कोहेफिजा थाने के एसआई जीएस परमार ने बताया कि साजिदा नगर करबला निवासी मोहम्मद अरशद खान पुत्र स्व. अब्दुल रशीद खान उम्र 58 वर्ष श्यामला हिल्स स्थित जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज में भृत्य थे। वह मदर इंडिया कॉलोनी ब्रेकर के पास से पैदल बीआरटीएक कॉरिडोर की सड़क पार कर अपने घर लौट रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात एम्बुलेंस (बुलेरो) ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद घायल को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया गया है कि उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। पुलिस मर्ग कायम कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाली गाड़ी का पता लगा रही है। मृतक के इकलौते बेटे नजीर ने बताया कि हादसे के समय पिता रिश्तेदार के घर से दावत खाकर लौट रहे थे। बीआरटीएस कॉरिडोर में पिता को जिस बुलेरो कार ने टक्कर मारी है, उसे ऐम्बुलेंस में बदला गया है। इसकी सीसीटीवी की तस्वीरें पुलिस के पास हैं।

## कुख्यात बदमाश ने पड़ोसी को घर में घुसकर पीटा

**भोपाल, देशबन्धु।** हत्या के मामले में जेल से एक माह पहले जमानत पर छूटे कुख्यात बदमाश पप्पू उर्फ चटका ने अपने साथी के साथ मिलकर पड़ोसी के साथ घर में घुसकर मारपीट की। साथ ही उसके घर में भी जमकर तोड़फोड़ कर दी। वारदात के बाद दोनों फरार हो गए।

अरेरा हिल्स थाना पुलिस के मुताबिक रोशनपुरा स्थित ग्वाल मोहल्ला निवासी मयंक यादव लोडिंग आटो चलाते हैं। उनके पड़ोस में रहने वाले बदमाश पप्पू उर्फ चटका के मकान का काम चल रहा है। दोपहर में मयंक आटो लेकर पप्पू के घर के सामने से गुजर रहा था,तभी पप्पू ने उससे वहां से आटो नहीं निकालने को कहा। मयंक ने जब कहा कि यह आम रास्ता है, इस पर पप्पू और उसके साथी बदमाश शाहरुख ने मयंक से अपशब्द कहते हुए मारपीट शुरू कर दी। उनसे बचने के लिए मयंक अपने घर में घुस गया तो दोनों ने उसके साथ घर में घुसकर मारपीट की और मकान और आटो में भी तोड़फोड़ कर दी। वारदात के बाद दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए।

## समरसता यात्रा का भोपाल आगमन आज

**भोपाल, देशबन्धु।** संत शिरोमणी गुरूदेव रविदास समरसता यात्रा भोपाल जिले में 9 अगस्त को विकासखंड बैरसिया एवं 10 अगस्त को भोपाल में प्रवेश करेंगी। यात्रा में विशिष्ट संत, जन प्रतिनिधिगण, जिले के प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायकगण, राज्य शासन के मंत्री, जिला जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, यात्रा दल के सदस्य सहित जन समुदाय उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि समरसता यात्रा का दोपहर 2 बजे 11 मील चौराहे पर स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही भोपाल की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम यात्रा निकाली जाएगी। जन प्रतिनिधियों के माध्यम से यात्रा में जन संवाद और भजनों आदि का गायन भी किया जाएगा।

# उत्तर विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस के बीएलए का प्रशिक्षण संपन्न




**भोपाल, देशबन्धु।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भोपाल उत्तर विधान सभा क्षेत्र में बूथ लेवल एजेन्ट (बीएलए.) प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सराय सिकन्दरी में किया गया।

इस प्रशिक्षण को प्रदेश कांग्रेस कमेटी से आये प्रदेश प्रभारी महेश जोशी, सह प्रभारी संजय कामले, ललित जैन- एवं उत्तर विधान सभा प्रशिक्षण प्रभारी वसीम कुरैशी ने संबोधित किया। इन पदाधिकारियों ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि चुनाव के समय बूथ प्रबंधन को सुचारू रूप से संचालित करना है और प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10-10 कार्यकर्ता मनोनित हो तथा जो मतदाता सूचियों में नाम बढ़ाने का कार्य चल रहा है उसको बड़े पैमाने पर कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों में नाम बढ़वाये और फर्जी मतदाताओं को सूची से निरस्त करायें। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में बूथ प्रबंधन बहुत सदृढ होना चाहिए। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोनू सक्सैना ने कहा कि आगामी चुनाव चुनौतीपूर्ण है, हमें मिलजुकर मुकाबला करना है। वहीं युवा कांग्रेस नेता आतिफ अकील ने कहा कि हर बार चुनाव में उत्तर भोपाल में कांग्रेस का परचम फहरता है इस बार भी हमें मेहनत करके कांग्रेस को विजयी बनाना है। इस कार्यक्रम का संचालन पार्षद मो. सरवर ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष जहीर अहमद, पूर्व पार्षद आमिर अकील, वात्सायन जैन सोनू भाभा, रवि वर्मा, मसूद अली, पार्षद शीबा मसूद, युवा कांग्रेस नेता साद बिन खालिद, पूर्व पार्षद मनोज मालवीय, सुधीर गुप्ता, दीप्ती जैन, पूर्व पार्षद नाजमा अन्सारी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में भोपाल उत्तर विधान सभा क्षेत्र के 18 मण्डलम अध्यक्ष, 58 सेक्टर अध्यक्ष, 246 बीएलए तथा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**सामाजिक क्षेत्र....** प्रस्तुत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में वर्ष 2015-16 से वर्ष 2019-21 के बीच 1 करोड़ 36 लाख लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। प्रदेश में गरीबी की तीव्रता जो 47.25 प्रतिशत होती थी वो घटकर 43.70 प्रतिशत रह गई है। बहुआयामी गरीबी की तीव्रता स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के 3 आयामों के औसत प्रतिशत को ध्यान में रखकर देखी जाती है।

**गरीबी उन्मूलन...** कृषि क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने और अधोसंरचना के विस्तार से अच्छे परिणाम आए हैं। नीति आयोग नई दिल्ली के सदस्य वी.के. सारस्वत ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को 'बहुआयामी नीतियों से विकास के लिए सजग-मध्यप्रदेश' की प्रथम प्रति भेंट की। प्रारंभ में प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान की ओर से अतिथियों का स्वागत किया। प्रमुख सचिव योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मुकेश चंद्र गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने परिचर्चा में शामिल अतिथि वक्ताओं को मिलेट उत्पादों की किट भेंट की। मध्यप्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग की नीति संक्षिप्त श्रृंखला के तहत राज्य नीति आयोग के कन्हैया समाधिया, सुश्री सुमित सोनी एवं डॉ. ईश गुप्ता द्वारा लिखित 'विकास के लिए सजग मध्यप्रदेश' का विमोचन किया गया।

## बीएमएचआरसी में शुरू होगा नेत्र बैंक

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में जल्द ही एक नेत्र बैंक (आई बैंक) शुरू किया जाएगा। बीएमएचआरसी निदेशक डा मनीषा श्रीवास्तव ने बीएमएचआरसी के नेत्र विभाग में गत दिवस आयोजित राष्ट्रीय अंगदान दिवस के मौके पर आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम में यह जानकारी दी।

डा मनीषा ने कहा कि नेत्र बैंक के लिए आवश्यक दो मशीनों को खरीदी की प्रक्रिया जल्द पूरी हो जाएगी। इसके अतिरिक्त बाकी पूरा आधारभूत संरचना तैयार हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आम लोगों में अंगदान के बारे में कई झूठी मान्यताएं फैली हुई हैं। इसे दूर करने की आवश्यकता है और आम लोगों को जागरूक करने के लिए ही यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अंगदान करने के लिए संकल्प लेना चाहिए।

# शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करें : कलेक्टर




**भोपाल, देशबन्धु।** समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को लंबित शिकायतों का त्वरित गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश देने के साथ अन्य विभागों को भी उनकी लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देकर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति जानकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने जिले में समरसता यात्रा की समय - सीमा में तैयारी के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ऋतुराज सिंह, एडीएम-एसडीएम सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान में घर-घर होगी जांच

**भोपाल, देशबन्धु।** मोतियाबिंद को खत्म करने के प्रधानमंत्री मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान में मोतियाबिंद होने की संभावना वाले 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों की स्क्रीनिंग घर-घर जाकर की जाएगी और जाँच के बाद मोतियाबिंद प्रभावितों का ऑपरेशन भी होगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया है कि राज्य शासन के कार्यक्रम अनुसार मोतियाबिंद को खत्म करना प्रधानमंत्री मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य है।


**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, दमोह**

E-mail ID-eedmohhb@mp.gov.in Phone No.07812-223809

क्रमांक 724/स.अ. /दमोह/ 2023 दिनांक 20.07.2023

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल कॉलोनी विवेकानंद नगर दमोह स्थित भूखण्ड क्रमांक ईडब्ल्यूएस-240 श्री मनीराम सुमन पिता श्री मुलूराम सुमन को आवंटित है। श्री मनीराम सुमन पिता श्री मुलूराम सुमन ने उक्त संपत्ति का मंडल से विक्रय विलेख दिनांक 17.07.2013 को करा लिया गया। श्री मनीराम सुमन पिता श्री मुलूराम सुमन ने यह संपत्ति को विक्रय विलेख के माध्यम से दिनांक 17.07.2013 में श्री महेश जाटव पिता श्री अमान जाटव को विक्रय कर दी। इस संबंध में श्री महेश जाटव पिता श्री अमान जाटव ने हस्तांतरण हेतु आनलाईन आवेदन शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र परिचय पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति इत्यादि इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति/ संस्था या हित रखने वाले वैध उत्तराधिकारी को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशित होने के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेंगी। जिस पर किसी व्यक्ति/ संस्था का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**एम.के. खरे, संपदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, दमोह**



**न्यायालय तहसीलदार खुरई जिला सागर मध्यप्रदेश**

रा.प्र.क्र. ब-121 वर्ष 2023-24
मौजा-खुरई प. ह. नं.-25 रा.नि.म./तहसील खुरई

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा ग्राम खुरई पटवारी हल्का नंबर 25 रा.नि.म. खुरई को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुज इन्फा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड ने मौजा खुरई स्थित भूमि खसरा नंबर 258/1 रकबा 18.6 हे. में से रकबा 4.06 हे. शासकीय जो कि मेडीकल कालेज खुरई की स्थापना हेतु कि चिकित्सा विभाग के आवंटित की गयी है उसमें निर्माणाधीन शासकीय कार्य हेतु आर.एम.सी. प्लाट लगाने के लिए अस्थायी रुप से आवंटित किये जाने हेतु भूमि की मांग की गयी है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई उजर आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक **18.08.2023** तक आपत्ति पेश कर सकता है म्याद गुजर जाने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
विज्ञप्ति आज मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील खुरई**

## मकानों के आसपास पानी जमा होने से स्थानीय लोग परेशान

# तालाब के बंधान की खुदाई कर रहे लोगों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### सरपंच संघ के अध्यक्ष ने की कार्यवाई की मांग



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** मंगलवार की सुबह से सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा एक तालाब के बंधान की खुदाई का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे वीडियो की जानकारी ली गई तो यह वीडियो जिले की जनपद पंचायत जतारा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नादिया का पाया गया। जहां पर कुछ लोगों के द्वारा गांव के शिव मंदिर के पास मोराई हार पर निर्मित तालाब के बंधान को खोदकर क्षतिग्रस्त किया जा रहा था। ग्रामवासियों ने तालाब के बंधान की खुदाई कर रहे लोगों को मना किया तो वह लोग नहीं माने। स्थानीय लोगों की मानें तो कुछ लोगों द्वारा बिना प्रशासनिक अनुमति के इस तालाब के बंधान की खुदाई की जा रही थी। इस मामले सरपंच संघ जनपद जतारा के अध्यक्ष रंजीत यादव ने ग्राम नादिया के शिव मंदिर के पास मोराई हार तालाब के बंधान की खुदाई कर रहे असामाजिक तत्वों के खिलाफसख्त कार्यवाही करने की मांग प्रशासन से की है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों के द्वारा तालाब के बंधान की खुदाई कर उसको क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे लोगों के विरुद्ध प्रशासन को शीघ्र संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करने की जानी चाहिए, जिससे शासन को होने वाली क्षति एवं जल संरक्षण संवर्धन को बचाया जा सके। इस मामले को लेकर जनपद सीईओ सिद्ध गोपाल वर्मा द्वारा संज्ञान लेते हुए तत्काल उपयंत्री को मौके पर भेजा गया। मौके पर उपयंत्री व हल्का पटवारी ने मामले की जांच की तो पता चला कि पिछली पंचवर्षीय में तालाब के जीर्णोद्धार के दौरान जिस स्थान से पानी की निकासी की जाती थी, वहां पर मिट्टी डालकर उस स्थान को बंद कर दिया गया था। बारिश होने से तालाब का भराव अधिक होने पर तालाब के किनारे निवास करने वाले लोगों के मकानों एवं आसपास पानी जमा होने के कारण स्थानीय लोगों के द्वारा तालाब के बंधान की ओवरफ्लो वाले स्थान पर खुदाई की जा रही थी, जिससे लोगों के मकानों के आसपास जमा हो रहे पानी की निकासी हो सके। जांच टीम द्वारा खुदाई कर रहे लोगों को बताया गया कि तालाब के बंधान को कई स्थानों से नहीं खोदा जाए। पानी की निकासी के लिए जो पूर्व से तय स्थान है, उसी से पानी की निकासी की जाए। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसके 6 वर्ष पूर्व तालाब जीर्णोद्धार का कार्य किया गया था, तब से लगाकर आज तक पानी की निकासी नियमित रूप से चल रही



थी। किसी भी ग्राम वासियों को कोई समस्या नहीं हुई है। अभी वर्तमान में ग्राम पंचायत द्वारा तालाब निकासी के स्थान पर रोड का निर्माण कर दिया गया है। जिस कारण तालाब का पानी नहीं निकल पा रहा है और पानी का भराव बढ़ गया है। पानी निकासी हेतु बेस्ट वेयर का स्थान परिवर्तन जीर्णोद्धार के एस्टीमेट का हिस्सा था, उक्त समय जीर्णोद्धार का कार्य एस्टीमेट के अनुसार किया गया था और पानी की निकासी भी व्यवस्थित तरीके से बना दी गई थी

## शासकीय मेडिकल कॉलेज दतिया में हुआ चयन

# खुशी तोमर ने नीट परीक्षा में 575 अंक प्राप्त कर नगर का बढ़ाया गौरव



**पलेरा, देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 चांदनी चौक मोहल्ले में रहने वाले महेंद्र सिंह तोमर शिक्षक की पुत्री एवं सेवानिवृत्त शिक्षक रमाशंकर तोमर की सुपौत्री कुमारी खुशी तोमर ने आयोजित नीट परीक्षा 2023 उत्तीर्ण करते हुए 575 अंक हासिल किए हैं। जिसमें मध्य प्रदेश में उन्हें 914 वी रैंक के साथ शासकीय मेडिकल कॉलेज दतिया के लिए चयनित किया गया है। खुशी ने नीट परीक्षा की तैयारी ऑनलाइन क्लासेस के माध्यम से की थी। खुशी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं अनुभवी शिक्षकों तथा समस्त परिवार को दिया है। नगर के नागरिकों ने खुशी की इस सफलता पर उन्हें बधाईयां दी हैं।

# हरितला सरकार मंदिर पर 21 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण



**पलेरा, देशबन्धु।** नगर के प्रसिद्ध श्री श्री 1008 हरितला सरकार मंदिर में 21 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं मानस प्रवचन का आयोजन चल रहा है। जिसमें आचार्य पंडित सत्येंद्र शास्त्री महाराज के द्वारा शिवलिंग निर्माण कर उसका उसका विधि विधान से अभिषेक कराया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के आयोजक पंडित अवधेश शास्त्री, समिति सदस्य महेश सोनी, रामवगस यादव, सियाराम यादव, पत्रकार पुष्पेंद्र सिंह, वीरेंद्र सेन, अखिलेश सेन, राकेश गुप्ता चरी वाले, वीरेंद्र राय समेत नगर के सभी धर्म प्रेमी बंधु बड़ी संख्या में आयोजन में शामिल हो रहे हैं। बताया गया है कि प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण सुबह 6 बजे से 12 बजे तक किया जा रहा है। इसके अलावा दोपहर 2 से 5 बजे तक कथा और शाम 5 बजे से शिव अभिषेक किया जा रहा है। उक्त आयोजन को लेकर नगर का वातावरण धर्ममय बना हुआ है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में लगेंगी प्री प्राइमरी स्कूल की कक्षाएं



पलेरा, देशबन्धु। आंगनबाडी केंद्र अब प्री प्राइमरी स्कूल के रूप में संचालित होंगे। इसके लिए महिला बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अब 6 साल से कम उम्र के बच्चों को प्राइमरी शिक्षा देंगी। इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों को अब प्ले स्कूल व नर्सरी स्कूल की तरह विकसित किया जाना है। इस दिशा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण की शुरुआत कर दी गई है। सबसे मजे की बात यह है कि यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नाच गाकर बच्चों को पढ़ाएंगी ताकि उन्हें आसानी से समझ आ सके। नगर में मंगलवार के दिन महिला बाल विकास कार्यालय में परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास प्रदीप मिश्रा, शिक्षा विभाग के बीआरसी भानु श्रीवास्तव एवं मास्टर ट्रेनर्स जयहिंद यादव, श्रीमती अभिषेक चंद्रा बगवार के द्वारा परियोजना कार्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सहयोगी बिहारी लाल, महेंद, ओम प्रकाश शुक्ला समेत केंद्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रही। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्री स्कूल में पढ़ाने का प्रशिक्षण दिया जाने लगा है। इस योजना के तहत महिला बाल विकास विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें सभी को पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया जाना है। इसमें बच्चों को चित्र, कार्टून, कठपुतली के अलावा खेल-खेल में पढ़ाने के रोचक तरीके बताए जा रहे हैं। इस दौरान नाच गाकर किसी तरीके से बच्चों को पढ़ाया जाता है, ताकि वे बेहतर तरीके से सीखें और समझे इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## कुएं में गिरने से किशोरी की मौत

**जतारा, देशबन्धु।** मंगलवार को वार्ड नंबर पांच पीठा ताल हार में एक 13 वर्षीय नाबालिक लड़की पानी भरते समय कुए का पाठ टूट जाने से कुएं में गिर जाने से लड़की की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदनी पिता गोकल रैकवार उम्र 13 साल अपने माता पिता के साथ पीठा ताल मोहल्ले पर अपने खेत में गई हुई थी। उसके माता-पिता खेतों में काम कर रहे थे और खेत पर बनी झोपड़ी में लड़की बैठी हुई थी। इस दौरान किशोरी को प्यास लगी तो वह कुए पर कशेड़ी लेकर गई। किशोरी ने कुएं में कशेड़ी डाली और जब भरी कशेड़ी कुए से निकाली उसी समय अचानक कुए का लकड़ी का बना हुआ पाठ टूटकर कुएं में जा गिरा। जिससे वह लड़की भी कुएं में जा गिरी। जब यह हाल उनके माता-पिता ने देखा तो वह आनन-फानन में कुएं में उतरे और लड़की को बाहर निकालकर संजीवनी 108 को सूचना दी गई। संजीवनी से जतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए लाए जहां उन्हें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया और मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया।

## कुएं में गिरी नीलगायों को जेसीबी की सहायता से निकाला बाहर

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** कस्बे के बैदऊ हार में सोमवार 7 अगस्त की शाम को खेत के पास खुले कुएं में दो नीलगाय गिर गए थे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग कर्मचारियों को दी गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर कुएं में से नील गायों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए स्थानीय लोगों की सहायता से रेस्क्यू अभियान शुरु किया गया। खुला कुआं होने के कारण नील गायों को बाहर निकालने में भारी समस्या आ रही थी। वन विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन को बुलाकर उसके द्वारा कुएं के किनारे खुदाई की गई, जिसके बाद लगभग 4 से 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कुएं में गिरे हुए दोनों नीलगायों को सुरक्षित बाहर निकालकर रेस्क्यू करके जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया। उक्त कार्रवाई में स्थानीय लोगों व ग्रामवासियों सहित वन विभाग कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

## गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर कलेक्टर से मिले स्वामी देवस्वरुपानंद

# एसडीएम के पत्र को लेकर गंभीर नहीं नपा प्रशासन, मिनौरा में बनाया जाए गौ-वन विहार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** उज्वल भारत अभियान के संस्थापक तथा गौवंश के हित में लगातार कार्यरत स्वामी देव स्वरुपानंद महाराज ने मंगलवार 8 अगस्त को जिले के कलेक्टर अवधेश शर्मा से मुलाकात करके गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर जरुरी कदम उठाने का आग्रह किया। स्वामी जी ने कलेक्टर श्री शर्मा को बताया कि वह पूर्व में गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन की मांग को लेकर 20 दिवसीय अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जिला संयुक्त कार्यालय भवन के सामने कर चुके हैं। उस समय तत्कालीन एसडीएम द्वारा उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। धरना प्रदर्शन के दौरान स्वामी जी ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा था कि सड़कों पर घूम रहे आवारा अन्ना प्रथा गौवंश को अतिशीघ्र पकड़वाकर गौशाला अथवा गौ अभयारण्य केंद भेजा जाए, संपूर्ण गौचर भूमि से कब्जे हटाने के शीघ्रतापूर्ण आदेश दिए जाएं, गौवंश के मृत होने के बाद अंतिम संस्कार के लिए ग्राम पंचायत स्तर से नगर तक गौ समाधि धाम संरक्षित किए जाने की प्रकिृया जल्द शुरु की जाए, जिले की संपूर्ण गौशालाओं को गौसेवकों की समिति गठन कर यथा स्थिति में पारदर्शिता से संचालन किया जाए तथा प्रतिमाह गौ सेवकों के साथ शासन प्रशासन की एक बैठक सुनिश्चित की जाए। इस धरना प्रदर्शन के बाद स्वामी जी को आश्वासन तो मिला मगर प्रशासन द्वारा इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की गई। प्रशासन के ढीले रवैये का परिणाम यह हुआ कि ललितपुर वायपास मार्ग पर बैठे गौवंश को जुलाई 2023 में ट्रक चालक द्वारा गौ-वंश को बुरी तरह रौंद दिया गया। इस घटना के बाद एक बार फिर स्वामी जी बायपास रोड पर ही धरना प्रदर्शन पर बैठ गए थे। धरना प्रदर्शन को देखते हुए तत्कालीन एसडीएम ने मौके पर जाकर उन्हे आश्वसत किया था कि नगर पालिका द्वारा आवारा गौवंश की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही दिनांक 3 जुलाई 2023 को ही एसडीएम द्वारा पत्र क्रमांक/ 232/ स्टेनो/ एसडीएम/टी/2023 जारी कर नगर पालिका को निर्देशित किया था कि शहर में आवारा पशुओं की अधिकता होने से आए दिन दुर्घटनाएं घटित होने की शिकायते प्राप्त हो रही हैं। इसलिए टीकमगढ़ शहर के आवारा पशुओं को जिला न्यायालय परिसर के पीछे स्थित शासकीय भूमि में एक सप्ताह के भीतर शिफ्ट कराए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। एसडीएम के इस पत्र के बाद भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही या इंतजाम नहीं किए गए हैं। प्रशासन द्वारा गौवंश के हित में लगातार की जा रही लापरवाही के चलते स्वामी देवस्वरुपानंद ने एक बार फिर नवागत कलेक्टर श्री शर्मा से मुलाकात करके कहा है कि जिले मैं गौवंश की समस्या को हम सभी समाजसेवी मिलकर शासन-प्रशासन का सहयोग करेंगे व गौवंश की समस्या से मुक्ति पाएंगे। गांव गांव हर व्यक्ति को जागरुक करेंगे सहयोग की भावना से मिलकर कार्य करेंगे। समाजसेवियों का समूह शासन प्रसाशन से मिलकर समस्याओं का हल करेंगा। गौचर भूमि मुक्ति के लिए लोगों को जागरुक करेगे। उन्होने गौ माता की भूमि मिनौरा पर जल्द गौ वन विहार बनाएं जाने का आग्रह कलेक्टर से किया है।

# कथा के दौरान धूमधाम से मनाया गया श्री राम का जन्मोत्सव



**दिगोड़ा, देशबन्धु।** नगर के किला प्रांगण में स्थित जगदंबे मंदिर में सोमवार की शाम 7 बजे से आयोजित श्रीराम कथा में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दिन में कई भक्तों द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण भी किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में अनेक भक्तों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया गया। किला प्रांगण में शाम 7 बजे से माँ जगदंबे के दरबार में कथा वाचक पंडित श्री चंद्रभूषण पाठक जी महाराज के मुखारविंद से श्रीराम कथा भक्तों को सुनाई गई। कथा को सुनने के लिए पंडाल में बच्चों युवाओं महिलाओं पुरुषों व बुजुर्गों की भारी भीड़ रही। सोमवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथावाचक पंडित चंद्रभूषण पाठक जी महाराज द्वारा श्रीराम कथा के दौरान बताया गया कि धनमय घर वही होता है, जहां प्रतिदिन रामायण का पाठ किया जाता है। जिन घरों में रामायण जी का पाठ नियमित तौर पर किया जाता है, उन घरों में सुख, शांति, समृद्धि बनी रहती है। उन्होंने कथा सुनने आए लोगों को बताया कि लगभग प्रत्येक घर में रामायण रहती है, लेकिन आधुनिक समय में कई लोगों के द्वारा रामायण का पाठ नहीं किया जाता है। जिससे लोगों को दुख, अशांति, विपत्ति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि दिन में अन्य गतिविधियों के लिए लोगों के द्वारा समय निकाला जाता है, वैसे ही समय निकाल कर कम से कम रामायण के 5 दोहा प्रतिदिन पढ़ना चाहिए। उन्होंने कथा में बताया कि भगवान श्रीराम जी के चरित्र को जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए।

## संत शिरोमणि रविदास महाराज मंदिर निर्माण समरसता यात्रा का राजमहल पर भव्य आयोजन

# गरीब, वंचित, अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति गौरवांवितः अमित नुना

### भाजपा सरकार की योजनाओं से अंतिम छोर तक के व्यक्ति को पहुंचा लाभः राकेश गिरी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज की जिले में पहुंची समरसता यात्रा प्रमुख चौराहों पर निकाली गई। जगह-जगह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा समरसता यात्रा का स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने संत रविदास जी महाराज की चरण पादुकाओं को सिर पर रखकर उनकी अगवानी की। संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज की समरसता यात्रा का कार्यक्रम राजमहल चौराहे पर भव्य रूप में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य रुप से संत गण, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना तथा विधायक राकेश गिरी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना ने कहा कि भाजपा की सरकार के द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी के मंदिर निर्माण की समरसता यात्रा से गरीब, वंचित, अनुसूचित जाति वर्ग आज गौरवान्वित महसूस कर रहा है। भाजपा द्वारा 25 जुलाई से 13 अगस्त के बीच मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में समरसता यात्रा निकालकर एक सकारात्मक संदेश दिया जा रहा है। विधायक राकेश गिरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज की चरण पादुकाओं को शिरोधार्य करने का सौभाग्य हम सबको प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में संत रविदास जी महाराज की भूमि की जल व मिट्टी का भूमि पूजन किया गया। भाजपा की सरकार द्वारा गरीब, वंचित, अनुसूचित जाति वर्ग को विकास की मुख्यधारा में जोड़कर उनके सामाजिक विकास के उत्थान में स्वर्णिम कदम उठाकर निरंतर कार्य किया जा रहा है। विभिन्न जनहितकारी योजनाओं से अंतिम छोर तक के व्यक्ति को लाभ पहुंचा है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव, जिला महामंत्री अश्विनी चढ़ार, आशुतोष भट्ट, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक खरे रानू, रोहित खटीक, मनोज देवलिया, रीतेश भदौरा, जिला मंत्री विकास यादव, जन्मेजय तिवारी, शोभरन कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपाई सुनील धुवारा, रोहित वैसाखिया, मुन्ना लाल साहू, अनीश खान, प्रफुल्ल दवेदी, स्वप्निल तिवारी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मुकेश अहिरवार, दामोदर अहिरवार, सुनील होंडा, संतोष चौरसिया, प्रवीण चौधरी, कैलाश अहिरवार, पंकज प्रजापति, शिवचरण उटमालिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, सुशीला राजपूत, सरोज राजपूत, रिंकी भदौरा, श्रीमती संध्या सोनी सहित अनुसूचित वर्ग के नागरिक उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### सार्थक पहल: जन्मदिन के मौके पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश



**दमो/हटा देशबन्धु।** क्षेत्र के रूसल्ली गांव निवासी कांग्रेस नेता ब्रजेंद्र कुसुमया ने अपने तीस वे जन्मदिन के मौके पर अपने गांव में ग्रामीणों के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के पौधों का पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम करते ब्रजेंद्र कुसुमया ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण की गंभीर होती स्थिति एवं मानव जीवन को सुखी समृद्ध व संतुलित बनाए रखने के लिए पौधारोपण का विशेष महत्व है। मानव सभ्यता का उदय तथा इसका आरंभिक आश्रय भी प्रकृति अर्थात वन वृक्ष ही रहे है। प्राचीन काल से एक वृक्ष सौ वृक्ष के समान कहा जाता रहा है। यदि हम चाहते है कि हमारी यह धरती भविष्य में प्रदूषण रहित रहे तथा इस पर निवास करने वाला मानव सुखी व स्वथ्य बना रहे तो हमें पेड़ पौधों की रक्षा तथा वृक्षारोपण करना अत्यंत आवश्यक है।

घर-घर तिरंगा अभियान की शुरुआत

# हर घर तिरंगा अभियान उत्साह के साथ मनाया जाएगा: कलेक्टर



**दमोह देशबन्धु।** जिले में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की जा रही हैं, 13 से 15 अगस्त तक सभी शासकीय कार्यालयों, आगनबाड़ियों सहित शासकीय भवनो में तिरंगा फैराया जाएगा। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष हर घर तिरंगा अभियान को उत्साह के साथ मनाया जायेगा। इस आशय की बात कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने समय-सीमा बैठक के दौरान अधिकारियों से कही। बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा उचित मूल्य दुकानों का एसडीएम औचक निरीक्षण करते रहें। खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की कोताही ना बरती जाये। उन्होंने मेरी माटी मेरा देश अभियान की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा जिले में भारी बारिस होने के कारण जहाँ पानी भरा हुआ हैं उस क्षेत्र का सर्वे करा लिया जाये। मतदाता जागरूकता रथ विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं, भ्रमण के दौरान जायजा लिया जाए। सेक्टर ऑफिसर और पुलिस अधिकारी समन्वय करके वनरेबलटी मतदान केंद्रों की जॉच कर ली जाए। वोटर हेल्प लाइन नम्बर 1950 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सीएम हेल्पलाईन, जनसुनवाई सहित समय-सीमा प्रकरणों के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### जनसुनवाई में 113 आवेदन आये



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने दूरदराज क्षेत्र से आये आवेदकों के आवेदनों पर सुनवाई की और आवेदनों का मौके पर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। आज जनसुनवाई में 113 आवेदन आये।

# जीवन में शिक्षा और विद्या दोनों की आवश्यकता



**दमोह/हटा देशबन्धु।** गायत्री शक्तिपीठ के निर्देशन में सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा 6 से 10 तक इस वर्ष की नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को ज्ञान दीक्षा में दीक्षित कराया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सनातनी परंपरा को पुनर्जीवित करने एवं बच्चों को संस्कारवान बनाने हेतु गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा यह योजना प्रारंभ की गई है। गायत्री परिजन अरुण पटेल ने ज्ञान दीक्षा के महत्व एवं आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वैदिक काल में गुरुकुल में शिक्षा आचरण से दी जाती थी वर्तमान में शिक्षा रोजगार परक शिक्षा है जिसमें छात्र रोजगार के लिए शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जबकि जीवन जीने के लिए शिक्षा एवं विद्या दोनों आवश्यक है ।शिक्षा हमें पदार्थ विज्ञान से संबंधित जानकारी देती है जबकि विद्या हमें आध्यात्मिक ,जीवन कौशल ,भाव संवेदना आदि गुण सिखाती है ।इस अवसर पर पंडित राजू दास दुबे ने वेद मंत्रों के माध्यम से सभी छात्राओं को तिलक लगाकर हाथ में कलावा बांधकर संकल्प कराया। गायत्री शक्तिपीठ से रमेश श्रीवास्तव के अलावा आचार्य घनश्याम प्रजापति आचार्य विनोद व्यास ,गोपाल शंकर व्यास ,आचार्य रमेश श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफकी उपस्थिति रही।

# मप्र स्थाई कर्मी कल्याण संघ की बैठक को लेकर हुई चर्चा




**दमोह देशबन्धु।** म.प्र. स्थाई कर्मी कल्याण संघ बैठक तेजगढ़ एवं तारादेही में बैठक की हुई। बैठक की अध्यक्षता बबलू ठाकुर जिला अध्यक्ष ने की जिसमें 22.08.2023 को भोपाल में विशाल आदोंलन किया जायेगा। आंदोलन के स्वरूप कें संबंध में यह निर्णय लिया गया है कि जब तक अपनी मांगों के संबंध में सरकार द्वारा कोई ठोस आसवासन या कार्यवाही नहीं कि जाती है तब तक आंदोलन आनिरंतर जारी रहेगा। जिसमें जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर द्वारा तेजगढ़ सुरक्षा श्रमिक अध्यक्ष कमलेश सिंह को नियुक्त किया एवं सुरक्षा श्रमिक रवि रैकवार को तेजगढ़ मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया एवं रामेश्वर यादव को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया जिसमें स्थाई कर्मी, सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहें। जिलाध्यक्ष बब्लू ठाकुर, रानू यादव, मनोज रैकवार, वीरेन्द्र जाटव, संदीप मिश्रा, जीवन सींग, बलवान सींग, हरी सींग, धीरज सींग, अवजल खान, कोमल यादव, प्रवीण यादव, रूप नारायण विश्वकर्मा, लखन यादव, नहीम खान, कोमल आदिवासी, किसन सींग, हल्कू सींग, राजा राम यादव, हीरालाल यादव, मूरत ठाकुर, सूनील रैकवार, गोविंद गौमर, नजीर खान, इनरीस खान, वहीद खान, दिनेश विदूआ, संतोष खरे, हन्नू खान, प्रमोद रावत, मनोज चौबे, मुकेश तिवारी आदि उपस्थित रहें।

# विनोद राय ने किया ग्रामीण क्षेत्रों मे जनसंपर्क



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद राय द्वारा ग्राम पंचायत हिनौती खेत सिह में जनसंपर्क किया। जिसमें ग्राम के नरेश द्विवेदी के पिता का हालचाल जाना जिनका कुछ दिन पूर्व ऑपरेशन हुआ था। इसके उपरांत ग्राम वासियों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को फोन लगाकर समस्याओं का निराकरण करने हेतु कहा गया एवं किसानों की फसल का सही सर्वे किया जाए।

### वेश महासम्मेलन जिला इकाई का पारिवारिक पिकनिक राजनगर जलाशय में हुआ

**दमोह देशबन्धु।** वेश महासम्मेलन मध्य प्रदेश जिला इकाई दमोह का पारिवारिक पिकनिक स्थानीय राजनगर जलाशय में हुआ। जिसमें वैश्य महासम्मेलन दमोह के पदाधिकारी, आजीवन सदस्य गण अपने परिवार के साथ पहुंचकर आनंद लिया। इस पारिवारिक पिकनिक में वरिष्ठ जन मूल इकाई महिला इकाई युवा इकाई नगर इकाई महिला नगर इकाई सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मिलकर आनंदमई एवं घरेलू माहौल में पिकनिक मनाया। जिसमें महिलाओं की ओर से कुछ गेम्स रखे गए एवं बच्चों महिलाओं समेत सभी ने खूब आनंद किया। ऐसे आयोजित आयोजन प्रत्येक अंतराल में करने का सभी ने सहमति जताई ।ज्ञात हो वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के निर्देशानुसार सम्मेलन लगातार प्रगति कर रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्यता देने बैठक सम्पन्न



**दमोह/हटा देशबन्धु।** नगर में स्वतंत्रता दिवस को भव्यता देने जनपद पंचायत हटा के आजीविका भवन बैठक कक्ष में एक बैठक का आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता हटा एस डी एम रीता डहेरिया ने की ।बैठक में लाईट , पंडाल व्यवस्था, छात्र-छात्राओं की बैठक व्यवस्था, स्वच्छता बैठक, ध्वजारोहण सम्बंधी कर्मचारियों को निर्देश किया , कार्यक्रम में हटा एस डी ओ पी वीरेंद्र बहादुर सिंह, तहसील उमेश तिवारी, सी ई ओ पूनम दूबे, सी एम् ओ राजेंद्र खरे , नायब तहसील शिवराम चढ़ार के साथ विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही , वहीं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही ।

## जिले में अभी तक 596.1 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह देशबन्धु।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 596.1 मि.मी. अर्थात 23.4 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 165.6 मि.मी. अर्थात 6.5 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 430.5 मि.मी. अर्थात 16.9 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 983 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 551 मि.मी., हटा में 479.9 मि.मी., जबेरा में 983 मि.मी., पथरिया 503 मि.मी., तेंदूखेड़ा में 638.4 मि.मी., बटियागढ़ 470 मि.मी. तथा पटेरा में 548 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

## संत रविदास के विचार प्रवर्तन पर पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय प्रतियोगिता हुई




दमोह देशबन्धु। संत रविदास जी के विचार प्रवर्द्धन हेतु स्थानीय पी.जी. कॉलेज में जिला स्तरीय प्रतियोगिता प्रभारी प्राचार्य डॉ. इंदिरा जैन के निर्देशन में सम्पन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि विवेक शेंडये और विशिष्ट अतिथि डॉ. रश्मि जैन एवं डॉ किरण दुबे ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. इंदिरा जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि गौरव की बात है कि संत शिरोमणि रविदास के विचार प्रवर्तन पर कार्यक्रम जारी है। राष्ट्र निर्माण के लिए चौदहवीं और पंद्रहवीं शताब्दी में धार्मिक सुधार आंदोलन की शुरुआत हुई, सामाजिक चेतना से स्वतंत्र व्यक्तित्व फिर राजनीतिक चेतना के बाद स्वतंत्र राष्ट्र की भूमिका बनती है। रविदास जी ने पाखंड खत्म किया कर्म को महत्व दिया और निर्गुण भक्ति के साथ यह भी बताया कि हम एक ही नूर की उपज है। तदोपरांत चित्रकला, निबन्ध, गायन, भाषण पर प्रतियोगितायें आयोजित की गई। भाषण में दुर्गेश नंदिनी विश्वकर्मा (के एन कॉलेज) प्रथम, गौरव राठौर (पी जी कॉलेज) द्वितीय और समेकित जैन (ओजस्विनी कॉलेज) तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला में पूनम प्रजापति (शासकीय कॉलेज हटा) प्रथम, रागनी पटेल(के एन कॉलेज) द्वितीय और सानिया ताम्रकार (शासकीय कॉलेज, पथरिया) तृतीय स्थान पर रही। गायन में अनुष्का चौबे (पी जी कॉलेज) प्रथम, रागनी पटेल (के एन कॉलेज) द्वितीय और खुशी मोदी (विजय लाल कॉलेज) तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में मनु त्रिलोकी नाथ (पी जी कॉलेज) प्रथम, श्रेया पांडे (हटा) द्वितीय, शगुफ्ता बानो (ओजस्विनी) तृतीय स्थान पर रहे, जिन्हें पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ के.के. दुबे ने किया। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में आयोजित किया कार्यक्रम



**दमोह देशबन्धु।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.एल. जैन की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदित्य जैन नीति आयोग एवं डॉ. एन. पी. नायक प्राध्यापक रहे। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. आराधना श्रीवास रही। प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि के द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. पूजा जैन के द्वारा किया गया ।

# विहिप-बजरंग दल का समरसता भोज एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ



**दमोह देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बांसा तारखेडा प्रखंड द्वारा स्थानीय राम मंदिर के समीप गौ उपचार केंद्र की भूमि पर सामाजिक समरसता के तहत एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। सैकड़ो की संख्या में पधारे कार्यकर्ताओं एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। बजरंग दल जिला संयोजक शंभू विश्वकर्मा जोकि बांसा के स्थानीय निवासी हैं, ने पहले ही बताया कि विगत कुछ समय से यह भूमि, जो कि गौ उपचार केंद्र हेतु तत्कालीन तहसीलदार बबीता राठौर के द्वारा पंचनामा की कार्यवाही कर विश्व हिंदू परिषद को उपचार केंद्र हेतु दी गई थी, पर लगातार भूमाफिया एवं विधर्मी टेढ़ी नजरें गड़ाए हुए है। कई बार इस भूमि का भूखंडीकरण कर बेचने का कुछ प्रयास भी किया गया, परंतु हर बार ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा ऐसे लोगों का डटकर मुकाबला किया गया एवं भूमि को बचाया गया। सामाजिक समरसता विभाग सागर के प्रमुख सुनील ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी हिंदू आपस में भाई-भाई हैं हमें एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए एवं विधर्मियों का हमें मिलकर मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस भूमि पर गौ उपचार केंद्र का संचालन किया जाएगा, जो भी व्यक्ति इस भूमि की ओर अपनी नजरें गड़ाए बैठे हैं वे संभल जाएं नहीं तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब भी दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष अजय खत्री ने सभी के सहयोग से उपचार केंद्र चलाने की बात कही। नगर अध्यक्ष राम मिश्रा ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि कुत्सित प्रयास करने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी इसलिए वे ऐसा करने की सपने में भी ना सोचे। भूमि को विकसित करने के लिए जिला संयोजक बजरंग दल शंभू विश्वकर्मा ने जब बताया कि आर्थिक कारणों से यह नहीं हो पा रहा है,तो वहां उपस्थित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पूर्व जिला मंत्री अमित राय ने तुरंत ही 11000 की राशि इस कार्य हेतु दान करने की घोषणा कर दी। पूर्व जिला मंत्री के इस संकल्प के साथ ही दान देने वालों की होड़ सी लग गई एवं तुरंत ही कई हजार रुपयों का दान एकत्र कर लिया गया जो कि इस उपचार केंद्र के नेक कार्य हेतु लगाया जाएगा। कार्यक्रम में विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख सुनील ठाकुर,नरेंद्र जैन जिला अध्यक्ष अजय खत्री, विभाग सेवा प्रमुख विकास मिश्रा पूर्व जिला मंत्री अमित राय, जिला उपाध्यक्ष शारदा पटेल, जिला संयोजक शंभू विश्वकर्मा, नीरज असाटी, सह संयोजक विक्रम साहू, कल्लू ठाकुर नितिन कुडेरिया, दीपक शर्मा, गोलू चौबे, दयाराम पटेल, पंडित राम मिश्रा, मनीष अग्रवाल, अनुराग यादव, रजित जैन,जगदीश ठाकुर विकास चौरसिया लखन सिंह ठाकुर अंशु दुबे तुलसीराम तिवारी, शंकर गौतम आशीष शर्मा राजेंद्र साहू कपिल चक्रवर्ती नीरज साहू ओम रैकवार भरत धर्म प्रसाद हेमंत साहू प्रेम राजेश पटेरिया बबलू और अधिक संख्या में बजरंगियों और स्थानीय लोगो की उपस्थिति रही।

# आदर्श क्षेत्र की परिकल्पना से करा रहे समग्र विकासः भूपेन्द्र सिंह

## 4.75 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन, रजवांस व मालथौन में अनेक विकास कार्य स्वीकृत किए



**सागर, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने समरसता रथ यात्रा के साथ रजवांस पहुंच कर आमसभा को संबोधित किया। रजवांस व मालथौन में आमसभाओं में आए हजारों क्षेत्रवासियों को मंत्री श्री सिंह ने 12 अगस्त को सागर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आमसभा में पहुंचने का आह्वान किया। श्री सिंह ने इस दौरान 4.75 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। रजवांस व मालथौन में 38 करोड़ की लागत से सीएम राइज स्कूलें बनवाने सहित अनेक नये विकास कार्यों को स्वीकृत किया। अपने संबोधन में मंत्री श्री सिंह ने कहा कि संत रविदास का संदेश सभी को समान अधिकार रहें, सभी को अन्न उपलब्ध हो और समाज में समरसता रखने का था जिस पर भाजपा की सरकार पूरी तरह अमल कर रही है। सागर में 100 करोड़ की लागत से संत रविदास के मंदिर और कला संग्रहालय केंद्र बनाने का कार्य आरंभ हो रहा है। श्री सिंह ने बरोदिया नगर परिषद के वार्ड रजवांस में 1.08 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे शापिंग कांप्लेक्स का भूमिपूजन किया। उन्होंने यहां अपने संबोधन में कहा कि रजवांस में 502 पीएम आवासों का निर्माण हो रहा है। रजवांस की सारी सड़कें बना दीं, स्ट्रीट लाइटें लग गई हैं। रजवांस स्कूल को सीएम राइज बनाए जाने की स्वीकृति दी। गंभीरिया रोड स्थित पीएम आवास क्षेत्र में विद्युतीकरण, श्री हनुमान जी मंदिर पड़ाव के सुंदर नव निर्माण, बाजार के भगवान शिव जी मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य, जैन मंदिर के दो सीसी रोड, रजवांस में संत रविदास मंदिर का निर्माण तथा प्रजापति मोहल्ले के निर्माण के कार्य मंजूर किए। रजवांस की चेंबर सहित नाली निर्माण, एक सुलभ कांप्लेक्स निर्माण, चौका कलां की क्षतिग्रस्त स्कूल का मरम्मत कार्य, रजवांस में सेल्फी प्वाइंट, वार्ड 7 में दो विद्युत खंभे लगाना के कार्य मंजूर किए। मंत्री श्री सिंह ने जानकारी दी कि रजवांस व बरोदिया में बिजली के लोड की समस्या को देखते हुए 33/11 केवी सब स्टेशन स्वीकृत हो गए हैं, चार छह माह के भीतर इनकी स्थापना होने से समस्या समाप्त हो जाएगी। रजवांस से तिगरा तक नगर पंचायत की सीमा तक सड़क के दोनों ट्री गार्ड सहित फलदार वृक्ष लगाने के निर्देश सीएमओ को दिए। समग्र विकास के साथ आदर्श क्षेत्र की परिकल्पना से काम किया जा रहा है। मालथौन में बस स्टैंड प्रांगण में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आज मालथौन के विभिन्न वार्डों में 1.52 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे बीटी रोड व सीसी रोड तथा मालथौन नगर परिषद अंतर्गत खिमलासा रोड पर 2.15 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहीं 125 दुकानों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है। सिर्फ सात सालों में मालथौन का जिस तेजी से सुनियोजित विकास किया गया है उससे यहां के दुकानदारों की आमदनी में दस गुना तक बढ़ोतरी हुई है। मालथौन में 38 करोड़ की लागत से सीएम राइज स्कूल स्वीकृत की जा रही है। कुछ स्कूलों को पीएम श्री स्कूल में परिवर्तित किया जा रहा है जिसमें पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष 38 लाख रुपए विकास के लिए आएंगे। उन्होंने मालथौन में विश्वकर्मा समाज के सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति दी। नोनियां मंदिर को 18 लाख की स्वीकृति दी, हनुमान जी मंदिर अमारी रमगढ़ा तथा देव जानकी रमण मंदिर के जीर्णोद्धार सौंदर्यीकरण की मंजूरी दी। आदिवासी मोहल्ले व मढ़िया क्षेत्र में कई विकास कार्यों को स्वीकृति दी। रजवांस में अनुसूचित जाति समाज सहित समाजों के मुखिया माते व प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया। मालथौन में सात सफाई कर्मियों को ड्रेस कोड भेंट किए।

## प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की उपस्थिति में ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा: शैलेंद्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** संत रविदास के मंदिर निर्माण हेतु सागर विधानसभा क्षेत्र की समरसता यात्रा चौथे दिन काकागंज, पंतनगर एवं सूबेदार वार्ड में पहुंची। जहां संत रविदास की चित्र एवं चरण पादुका का पूजन एवं आरती कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। इसके बाद विधायक शैलेंद्र जैन के नेतृत्व में यात्रा वार्डो में पहुंची जहां लोगों ने बड़े ही धार्मिक एवं आत्मीय भाव से चरण पादुका का पूजन किया इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन ने लोगों को आमंत्रण पत्र देकर 12 अगस्त को शिलान्यास हेतु पधार रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के ढाना स्थित हवाई पट्टी पर कार्यक्रम में सपरिवार सम्मिलित होने के लिए आग्रह किया। यात्रा के समापन अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सागर को संत रविदास जी के भव्य मंदिर निर्माण हेतु चुना है और 100 करोड़ों करोड़ रुपए कि जो राशि दी है इससे हमारे सभी अनुसूचित जाति वर्ग के भाई बहनों में बहुत ही उत्साह का भाव है और वह बड़े ही आत्मीय रूप से इस निर्णय का स्वागत कर रहे हैं और मुझे विश्वास है प्रधानमंत्री इस पर मंदिर के शिलान्यास हेतु पधार रहे हैं जिसमें बड़ी संख्या में हमारे इस वर्ग के लोग सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे और एक ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। कार्यक्रम में जगन्नाथ गुरैया, प्रतिभा चौबे, विक्रम सोनी, रीतेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में शहर को अच्छी रैंक दिलाने नागरिक कर रहे सहयोग



**सागर, देशबन्धु।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में शहर को अच्छी रैंक दिलाने के लिए नागरिकगण एवं सभी संस्थाएं फीडबैक देकर सहयोग कर रही है। अगर आपने अभी तक शहरी स्वच्छता पर अपना फीडबैक नहीं दिया है, तो शीघ्र अपना फीडबैक दें, ताकि आपके प्रयासों से नगर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छे नंबर प्राप्त हो। स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत नागरिकों को शहरी स्वच्छता पर फीडबैक देना है इसलिए अगर अब तक आपने अपना फीडबैक नहीं दिया है, तो अपने शहर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छे नंबर दिलाने के लिए लिंक पर जाकर अपना फीडबैक अवश्य दर्ज करें।

### कन्या दान से बड़ा कोई दान नहीं होताः विपिन बिहारी



**सागर, देशबन्धु।** पुरुषोत्तम मास के पावन माह मे तिलकगंज में स्थित एमएस गार्डन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना चौबे द्वारा भरत चरित्र कथा का आयोजन किया जा रहा है सप्तम दिवस पर शिव विवाह का आयोजन हुआ। कथा वाचक पं. विपिन बिहारी शास्त्री ने कहा आज कल मोबाइल पर संकल्प करा देते है जो बिलकुल गलत है क्योंकि पंडित के साथ शास्त्र वेद, पुराण आते है। जिसमे प्रभु का वास होता है। जिससे आपके जो गृह अशांत होते है वो शांत हो जाते है। जो व्यक्ति मौन होकर भोजन करता है। उसकी वाणी सिद्ध हो जाती है और अगर भोजन करते समय मौन व्रत टूट जाये तो चौबीस घंटे बाद ही भोजन करे तब जाकर वापस मौन धारण का संकल्प आता है। राष्ट्रीय सचिव मप्र सह प्रभारी सीपी मित्तल ने कहा सत्संग से मनुष्य के मन को शांति प्राप्त होती है। कथा के अष्टम दिवस पर राष्ट्रीय सचिव सीपी मित्तल, सुरेन्द्र चौधरी, आनंद अहिरवार, मुकुल पुरोहित, संदीप सबलोक, विजय साहू, राकेश राय, राजा सेन, शरद पुरोहित आदि ने सम्मलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### जन सुनवाई में 107 आवेदनों पर हुई कार्यवाही

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर भव्या त्रिपाठी और सहा. अधीक्षक भू अभिलेख अनिल अहिरवार ने आम लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। जिले के 107 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

### मकरोनिया के वार्ड-16 से निकाली गई समरसता यात्रा



**सागर, देशबन्धु।** बड़तूमा में 100 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले संत रविदास के मंदिर के भूमिपूजन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 12 अगस्त को आगमन हो रहा है। इसके लिए समरसता यात्रा निकाली जा रही है। समरसता रथ यात्रा मकरोनिया नगर पालिका के वार्ड क्र.16 से संत रविदास की चरण पादुका के साथ निकाली गई। विधायक प्रदीप लारिया ने पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि संत रविदास का मंदिर देश में नहीं बल्कि विश्व में प्रथम होगा। यह सौगात मिलने पर उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने कलश सिर पर रखकर, पवित्र ध्वजा, बाजे-गाजे के साथ समरसता यात्रा निकाली। समरसता रथ में श्रृद्धालुओं ने विभिन्न पवित्र स्थलों में जल व मिट्टी एकत्रित कर मंदिर निर्माण के लिए रथ में रखे पवित्र पात्रों में समर्पित की।

## कुल्हाड़ी से दो चाचाओं की हत्या की, आरोपी गिरफ्तार

### चाची, बड़ी मां और रास्ते में मिले टीचर पर भी हमला किया



**सागर, देशबन्धु।** एक सिरफिरे ने अपने ही दो चाचा की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। घटना केसली थानांतर्गत नयागांव बम्होरी की है। बचाने आई चाची, बड़ी मां और रास्ते में मिले टीचर पर भी उसने कुल्हाड़ी से हमला किया। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज चल रहा है। आरोपी कुछ दिन से गांव में अजीब हरकतें कर रहा था। सोमवार शाम वारदात करने के बाद आरोपी गांव से भाग गया। मंगलवार दोपहर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि दोहरे हत्याकांड के पीछे कोई तात्कालिक वजह अभी तक सामने नहीं आई। आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस के अनुसार सोमवार की शाम 6 बजे नयागांव निवासी 28 वर्षीय राव साब पिता रम्मू यादव कुल्हाड़ी लेकर निकला। अपने चाचा सुखराम और जीवन पर हमला कर दिया। कुल्हाड़ी से उसने एक के बाद एक कई वार किए। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद भी वह नहीं रुका। चीख पुकार सुनकर बाहर आई चाची कैलाशरानी और बड़ी मां सरोजरानी पर भी उसने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। यहां से जाते वक्त रास्ते में मिले शिक्षक रवि गौंड़ के हाथ में कुल्हाड़ी मार दी। इसके बाद वह गांव से कहीं चला गया। सूचना पर केसली पुलिस गांव पहुंची। देर रात तक उसकी तलाश चलती रही थी। आरोपी के फरार रहने से गांव के लोग दहशत में रहे। सिरफिरे के सामने जो आता, वह उस पर हमला कर रहा था। मृतकों के अन्य परिजन ने छत पर जाकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद से नयागांव में दहशत का माहौल है। आरोपी की पत्नी और 2 बच्चे हैं। मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण वह कुछ दिनों से गांव में उत्पात मचा रहा था। लोगों के मोबाइल छीन रहा था। यहां तक कि मोबाइल छीनकर वह डायल 100 पर कॉल लगा देता था।

## लक्ष्मी स्वरूप बहू चाहिए तो दहेज नहीं मांगोः पं. शास्त्री

**सागर, देशबन्धु।** अपने बेटे बेटियों के विवाह में दहेज लेन देन से बचे और दहेज विहीन विवाह करें। दहेज के लालचियों को सुयोग्य एवं घर की सेवा करने वाली बहुत नहीं मिलती है। जो अपने बेटे के लिए दहेज लेता है वह अपने बेटे को हस्बैंड नहीं सर्वेंट बना देता है। लक्ष्मी स्वरूप बहू चाहिए तो दहेज में लक्ष्मी नहीं मांगो। बच्चियों के पिता को चाहिए कि वह समझे कि जो अपने बेटे को बेच सकता है वह आपकी बेटी को कैसे खुश रख सकता है। दहेज के अभिशाप है और यह समाज में कोढ के समान है। दो परिवारों के बीच समरसता तभी आएगी जब दहेज प्रथा समाप्त हो जाएगी। यह बात गोपालगंज लाल स्कूल के बाजू मे चल रही भागवत कथा में कथा व्यास शिवम शास्त्री ने कही। कथा के मुख्य यजमान अनीता सूर्यकांत पाठक, कथा में प्रदीप, दीपक, चंद्रकांत, रामचरण शास्त्री अशोक, विवेक, गोविंद जया पाठक, रिचा एवं अनेक भक्त शामिल हुए।

## 3 डेयरी के 45 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया

**सागर, देशबन्धु।** जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेरियों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहा. आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में बाघराज वार्ड, तिली वार्ड एवं मोहन नगर वार्ड से 3 डेयरी के 45 पशुओं को नगर निगम के वाहन द्वारा शहर से बाहर शिफ्ट किया गया। राजेश सिंह ने बताया कि डेयरी विस्थापन कार्रवाई के तहत बाघराज वार्ड से उत्तम ठाकुर की डेयरी के 12 पशु राजघाट, गनपत पटेल तिली वार्ड के 10 पशु मेनपानी एवं मोहननगर वार्ड स्थित मन्नू साहू की डेयरी के 23 पशु बमोरी रेगुवा शिफ्ट किए, तीन डेयरी के कुल 45 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया सहित दल के सदस्य उपस्थित थे।

## गजल सभी प्रचलित भाषा में सर्वाधिक प्रचलित विद्याः अशोक मिजाज




**सागर, देशबन्धु।** गजल भारत देश की सभी भाषाओं में सर्वाधिक प्रचलित समकालीन लोकप्रिय विधा है। गजल के दोनों रूप रवायती और जदीद प्रचलन में हैं। गजल की विषय वस्तु आज सीमित नहीं है व्यापकता की परिधि में है। गजल कहने वाले शायर को गहराई तक जाना पड़ेगा, डूबना पड़ेगा तब कहीं संवेदात्मक गजल हो पाएगी। भावनाओं को शब्दों में उतारकर हृदय में स्पंदन पैदा करना शायर का मुख्य कर्तव्य है सीएल कव्वाल की गजलें भावना प्रधान और अपनी बात पाठक तक पहुंचाने में पूर्णता सक्षम है, यह विचार शायर अशोक मिजाज ने व्यक्त किए। वे पं. ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी इंस्टिट्यूट सभागार में सीएल कंवल के गजल संग्रह के विमोचन और लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। सीएल कव्वाल के द्वारा रचित गजल संग्रह दीवार किस लिए का विमोचन लोकार्पण समारोह प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई अध्यक्ष टीकाराम त्रिपाठी के अध्यक्षता में हुआ। सारस्वत वक्ता के रूप में शायर डॉ. गजाधर सागर थे। कार्यक्रम में इकाई की महासचिव पेट्रिस फुसकेले ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों और श्रोता समुदायों का अभिनंदन किया। अतिथियों ने दीवार किस लिए गजल संग्रह का विमोचन लोकार्पण किया गया। जेजे कॉलेज के संचालक कवि आशीष ज्योतिषी ने गजल संग्रह दीवार किस लिए पर अपना वक्तव्य दिया। गोष्ठी का संचालन डॉ. नलिन जैन के द्वारा किया गया। आभार डॉ. महेद्र खरे ने ज्ञापित किया।

## पाण्डेय का राजीव गांधी समरसता अवार्ड 2023 के लिए चयन



**सागर, देशबन्धु।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त सदभावना दिवस पर समरसता इन्टरनेशनल कांग्रेस एवं इण्डो नेपाल समरसता ऑर्गेनाईजेशन के संयुक्त तत्वाधान में भारत नेपाल सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें विश्व 22 राष्ट्रों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में सागर जिले से प्रदीप पाण्डेय को मुख्य अतिथि दमन नाथ ढंगाना प्रथम लोकसभा अध्यक्ष नेपाल द्वारा राजीव गांधी समरसता अवार्ड एवं अभिनंदन पत्र, शाल, नेपाल राष्ट्र की टोपी व मेडल दिया जावेगा। कार्यक्रम में कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, डॉ. शिवमाया तुम्बाहाडफे प्रथम महिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व कानून मंत्री नेपाल, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, जगदीश टाइटलर पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार, सुबोध कान्त सहाय पूर्व ग्रहमंत्री भारत सरकार, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, संयोजक महावीर प्रसाद टोरडी, सुप्रीम कोर्ट नेपाल एपी सिंह एडवोकेट उपस्थित रहेंगे। अन्तर्राष्ट्रीय मिशन सलाहकार बोर्ड सदस्य सन्तोष सुखवानी ने बताया कि राजीव गांधी समरसता अवार्ड हेतु पूरे देश से 51 लोगो को विभिन्न क्षेत्रों हेतु चयन किया है। भारत नेपाल सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में प्रदीप पाण्डे अपने विचार रखेंगे एवं भारत की शक्ति प्रतिष्ठा, पंचशील सिद्धान्त पर चर्चा करेंगें। उपरोक्त कार्यक्रम इंडियन सोसायटी ऑफ इन्टरनेशनल लॉ वीके कृष्ण मेनन भवन सभागार, नई देहली में 20 अगस्त को आयोजित है।

## पैसों के विवाद में महिला को मारा चाकू

**सागर, देशबन्धु।** मकरोनिया थाना क्षेत्र में पैसों के लेनदेन के विवाद में महिला से गालीगलौज कर चाकूबाजी की गई। चाकू लगने से महिला घायल हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार देवकी पति नन्हेलाल विश्वकर्मा उम्र 48 वर्ष निवासी नई मकरोनिया ने शिकायत में बताया कि अच्छेलाल अहिरवार निवासी पानी की टंकी के पास नई मकरोनिया से मकान का काम कराया था। उसके मकान बनाने के 5 हजार रुपए बाकी थे, जो देना है। अच्छेलाल मुझसे बार-बार पैसे मांग रहा था। मैंने कहा था जब हो जाएंगे दे दूंगी। मंगलवार सुबह मैं राय मेडम के घर खाना बनाने गई थी। तभी रास्ते पर अच्छेलाल मिला और पैसे की बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। गालियां देने से मना किया तो अच्छेलाल ने मारपीट शुरू कर दी। चाकू निकाला और मार दिया। चाकू चेहरे पर लगा। जिससे बांया जबड़ा कट गया। दूसरा चाकू हाथ में लगा। जिससे मैं जमीन पर गिर गई। चिल्लाने की आवाज सुन मोहल्ले के लोग आ गए। जिन्हें देख आरोपी मौके से भाग गया। मामले में लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। घटनाक्रम में मकरोनिया थाना पुलिस ने घायल देवकी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## तुलसी फाउंडेशन की कावड़ यात्रा को लेकर बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** तुलसी फाउंडेशन सागर के तत्वाधान में 11 अगस्त को निकलने वाली विशाल कावड़ यात्रा की तैयारियों को पूर्ण करने की दृष्टि से बैठक संपन्न हुई। बैठक मैं विचार रखते हुए कावड़ यात्रा की अध्यक्ष प्रदीप राजोरिया ने कावड़ यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक में विस्तृत से जानकारी दी कावड़ यात्रा के शब्द समन्वयक रामअवतार पांडे, शिव शंकर मिश्रा, पप्पू गुप्ता, नरेंद्र चौबे, लक्ष्मण सिंह ने कहां की कावड़ यात्रा का संकल्प पूरे सागर के लोगों का संकल्प सभी धर्म प्रेमी बंधु कावड़ यात्रा में शामिल होकर यात्रा को प्रभावी रूप से सफल बनाएं। बैठक में संतोष साहू, कमलेश सोनी, बसंत चौरसिया, कैलाश चौरसिया, पप्पू तिवारी, प्रहलाद रैकवार, वीरेंद्र सिंह राजपूत, शैलेंद्र साहू, राहुल वैद्य सहित विभिन्न समाजों के लोगों ने कावड़ यात्रा को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए समस्त धर्म प्रेमी बंधु कावड़ यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने का आह्वान किया।

## मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटी

**बीना, देशबन्धु।** आगासौद रेलवे स्टेशन के पास मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। इस हादसे में 4 मजदूर घायल हो गए। इसमें से एक गंभीर रूप से घायल मजदूर को इलाज के लिए जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिकए भानगढ़ से आगासौद स्टेशन पर ओएचई लाइन का काम करने के लिए ट्रैक्टर ट्राली से 12 मजदूर जा रहे थे। इसी दौरान आते समय गड्ढे में गिरने से ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। इसमें से 8 लोगों ने समझदारी दिखाते हुए ट्रैक्टर से छलांग लगा दी। वहीं चार लोग ट्राली पलट जाने से घायल हो गए। इसके बाद 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना के तत्काल बाद 108 एंबुलेंस के डॉ. जितेंद्र राय और पायलट राजेंद्र पटेल मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को सिविल अस्पताल लाया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया। वहीं एक व्यक्ति को गंभीर हालत में सागर जिला अस्पताल रेफर किया। आगासौद रेलवे स्टेशन पर काम करने के लिए आ रहे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। घायलों में गुड्डू राम पिता रामप्रसाद राम 20 बहरमपुर, जिला मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल के बाएं पैर और सिर में चोट आई है। वहीं सुखेन पिता हराधुन दास 23 निवासी बारमपुर, जिला मुर्शिदाबाद दाएं पैर और सिर में मुंदी चोट आई है। वहीं राहुल पिता शंकर सरकार 19 निवासी बारमपुर, जिला मुर्शिदाबाद को दाएं पैर के घुटने और कलाई में चोट आई। वहीं सौदागर अली पिता ताहर अली ;57द्ध निवासी ग्राम शाहपुर, जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल के दाएं पैर में फ्रैक्चर होने की आशंका बताई है। इसके अलावा उसे ओंठों के नीचे भी चोट है।

## मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, वायरल बुखार से बचाव के लिए अपने आस पास साफ सफाई रखेः सीएमएचओ

**सागर, देशबन्धु।** मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, वायरल बुखार के प्रभावी नियंत्रण के लिए अपने आस पास सम्पूर्ण साफ सफाई की व्यवस्था के उपाय किये जाएं। मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से मलेरिया, डेंगू चिकनगुनिया और मौसमी बीमारी, बायरल बुखार जैसे रोगों के फैलने की संभावना होती है। सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी ने जन सामान्य से अपील की है कि वे अपने रहवासी परिसर के आस पास पानी एकत्रित होने वाली सभी अनुपयोगी वस्तुएं जैसे प्लास्टिक की बोतलें, टीन के डब्बे, नारियल के खोल इत्यादि को नष्ट करे। कहीं भी पानी एकत्रित न होने दें, पानी के निकासी की तत्काल व्यवस्था करे। पानी की निकासी संभव न होने की स्थिति में वहां जले हुए ऑयल, मिट्टी के तेल का छिड़काव करें। उपयोग किये जाने वाले पानी के पात्र जैसे टंकी, बालटी, टब, ड्रम इत्यादि को ढक कर रखें। मच्छर रोधी क्वाइल या लिक्विड आदि का इस्तेमाल करे। दरवाजों, खिड़कियों में मच्छर रोधी जालियां लगवायें।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की 22 को सागर में सभा होंगी

### राष्ट्रीय सचिव एवं सभा प्रभारी की उपस्थिति में जिला कांग्रेस की बैठक संपन्न




**सागर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे की सागर नगर में विशाल आमसभा की तैयारियो को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी मप्र सीपी मित्तल तथा प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त आम सभा प्रभारी पूर्व मंत्री एवं जबलपुर विधायक लखन घनघोरिया की मुख्य आतिथ्य में पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों से आमसभा को सफल बनाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी सागर शहर एवं ग्रामीण के तत्वाधान में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष द्वय डॉ. आनंद अहिरवार एवं राजकुमार पचौरी ने की। विधायक तरवर सिंह, सह प्रभारी सुरेंद्र रघुवंशी, लोकमन कुशवाहा एवं मनीष यादव की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर अपने संबोधन में सीपी मित्तल ने कहा कांग्रेस प्रदेश में दो तिहाई से अधिक बहुमत से जीतेगी। खरगे देश के बड़े नेता है, यह बुंदेलखंड का गौरव है की उन्होंने सभा की स्वीकृति सागर में दी। सभी को मिलकर आमसभा को सफल बनाना है। लखन घनघोरिया ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओ में गजब की जीवटता है। बुरा दौर निकल गया है, अब अच्छा समय आ रहा है। मक्कारो को सबक सिखाने का समय आ ही गया है। हम संघर्ष में कमलनाथ के साथ हैं। भाजपा कि नींद उड़ गई हैं, उन्हें मालूम है कि भाजपा सरकार जा रही है। जो राहुल गांधी को पप्पू कहते थे उन्हें भी महसूस हों रहा है कि वे उनके पप्पा बन गए है। पर अब हमें ज्यादा सतर्क रहने की जरुरत है। जिला कांग्रेस ग्रामीण प्रभारी अवनीश भार्गव ने कहा कि सभा को सफल बनाने के लिए सभी को एकजुटता से मेहनत करना होंगी। इस अवसर पर राजकुमार पचौरी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हमें कमलनाथ को को मुख्यमंत्री बनाना है, यह सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष कि प्रदेश में पहली सभा है। डॉ. आनंद अहिरवार ने कहा कि सभा को सफल बनाना हमारी जिम्मेदारी है, सभी अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस की सभा को सफल बनाना है। मंदिर बनाना ट्रस्ट का काम है, सरकार का नहीं। भाजपा इक्कीसवी सदी में आगे बढ़ने की जगह, भक्ति काल में पहुंचाने का काम कर रही है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव जीवन पटेल, मुकुल पुरोहित, शारदा खटीक, देवेंद्र खटीक, सुदेश जैन गुड्डू भैया, रेखा चौधरी, जगदीश यादव, पं संतोष पाण्डेय, पं त्रिलोकीनाथ कटारे, अशोक श्रीवास्तव, रमाकांत यादव, आशीष ज्योतिषी, सुरेंद्र चौबे, अखिलेश मोनी केशरवानी, कमलेश साहू, राहुल चौबे, सिंटू कटारे, चक्रेश सिंघई आदि ने सभा को सफल बनाने हेतु अपने वक्तव्य में सुझाव दिये। बैठक का संचालन प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक ने एवं आभार प्रदेश महासचिव मुकुल पुरोहित ने व्यक्त किया। उक्ताशय कि जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने बताया कि सागर के कजलीवन मैदान में 22 अगस्त को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ सभा को सम्बोधित करेंगे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।